संस्करण : प्रयागराज
वर्ष : 15
अंक : 259
पृष्ठ : 6
मूल्य : 2.0
सोमवार 23 नवम्बर 2026

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.pratahkalexpress.in

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सच से रूबरू

प्रयागराज से प्रकाशित एवं कौशाम्बी, प्रतापगढ़, अयोध्या, लखनऊ, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, झांसी, बिजनौर में प्रसारित



चीन सीमा से सटे अरुणाचल प्रदेश के 40 गांवों में पलायन थमा, लोग लौटे, रोजगार और सुविधाओं से बढ़ी आबादी : अमित शाह

ईटानगर, एजेंसी। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि चीन सीमा से सटे अरुणाचल प्रदेश के 40 गांवों में आबादी बढ़ी है और वहां से पलायन रुक गया है। केंद्र सरकार की ओर से बिजली, रोजगार, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी सुविधाएं पहुंचाने से लोग इन गांवों में लौटने लगे हैं। सेना और भारत–तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की ओर से स्थानीय सहकारी समितियों से उत्पादों की खरीद भी ग्रामीणों की आय बढ़ाने में मदद कर रही है। अरुणाचल प्रदेश में सहकारिता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि उन्होंने शनिवार को इस संबंध में समीक्षा की थी। गृह मंत्रालय ने आईटीबीपी और सेना को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी जरूरत के उत्पाद तेजपुर या गुवाहाटी से



खरीदने के बजाय सीमावर्ती गांवों की सहकारी समितियों से खरीदें। इससे गांवों और सुरक्षा बलों के बीच संबंध भी मजबूत हुए हैं। शाह ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश की महिलाएं अपनी सहकारी समितियों के माध्यम से दूध, अंडे, सब्जियां, मोटे अनाज और आटा उपलब्ध करा रही हैं। इससे ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ रही है और स्थानीय कृषि को भी बढ़ावा मिल रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीमावर्ती गांवों को देश का आखिरी गांव मानने की पुरानी सोच बदलकर उन्हें देश का पहला गांव बताया है। उन्होंने कहा कि विकास का सबसे बड़ा अधिकार सीमावर्ती गांवों का है। शाह ने रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और प्रत्येक परिवार की खुशहाली को अरुणाचल प्रदेश के विकास की चार प्रमुख प्राथमिकताएं बताया। उन्होंने सहकारी संस्थाओं और महिला स्वयं सहायता समूहों से राज्य को जरूरी खाद्य उत्पादों के मामले में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उपमुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि केंद्र सरकार राज्य के विकास के लिए हरसंभव सहायता उपलब्ध कराएगी। शाह ने बताया कि वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत राज्य के 11 सीमावर्ती जिलों के गांवों में मोबाइल मेडिकल यूनिट भी भेजी गई हैं। अमित शाह ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत अरुणाचल प्रदेश के 11 सीमावर्ती जिलों में 110.95 करोड़ रुपये की लागत वाली 199 विकास परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने 'अरुणाचल प्रदेश सहकारिता विजन 2047' का भी अनावरण किया। इसमें सहकारी क्षेत्र के विकास की रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। इससे पहले शनिवार को शाह ने ईटानगर में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की थी। इसमें कानून–व्यवस्था, आंतरिक सुरक्षा, सीमा प्रबंधन और राज्य के विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। उन्होंने केंद्रीय और राज्य सुरक्षा एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल, स्थानीय खुफिया तंत्र मजबूत करने और संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने पर जोर दिया। अरुणाचल प्रदेश की चीन के साथ करीब 1,126 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा है। शाह ने बैठक में सीमा सुरक्षा और रणनीतिक बुनियादी ढांचे की भी समीक्षा की।

डिग्री से मिलती है पहली नौकरी, लेकिन पहचान और सफलता कौशल से आती है : राजनाथ सिंह



लखनऊ, संवाददाता। छात्रों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर चुनने का सुझाव देते हुये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि डिग्री उन्हें पहली नौकरी दिलाने में मदद कर सकती है, लेकिन उनकी पहचान और करियर में तरक्की उनके कौशल, पेशेवर ज्ञान और क्षमता से तय होती है। सिंह ने यहां बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को खुद को केवल उसी क्षेत्र तक सीमित नहीं रखना चाहिए, जिसमें उन्होंने डिग्री हासिल की है। उन्होंने कहा, आपकी डिग्री आपकी योग्यता है, न कि आपकी पहचान। छात्रों को अपनी रुचि पहचानकर अपना रास्ता खुद बनाने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में नए रास्ते बनाने और उन पर अकेले चलने से भी नहीं हिचकिचाना चाहिए। फिल्म निर्माता रंजीत और भारत के श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन का उदाहरण देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि उनकी जीवन यात्रा बताती है कि लोग अपनी पढ़ाई के क्षेत्र से अलग काम करके भी बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि रंजीत ने अर्थशास्त्र की पढ़ाई की थी, जबकि कुरियन ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। बाद में कुरियन ने भारत में श्वेत क्रांति का नेतृत्व किया और अमूल जैसी संस्थाओं के माध्यम से सहकारी आंदोलन को मजबूत किया। सिंह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी नई तकनीकें काम करने के तरीकों को तेजी से बदल रही हैं, जिन कामों को पूरा करने में पहले कई घंटे लगते थे, वे अब कुछ मिनटों या सेकंडों में किए जा सकते हैं। संसद के निचले सदन में लखनऊ का प्रतिनिधित्व करने वाले सिंह ने कहा कि इससे नए अवसर पैदा होंगे, लेकिन साथ ही नए कौशल सीखने की जरूरत भी बढ़ेगी।

जम्मू–कश्मीर के रामबन में आग से मची तबाही, चार घरों को आग ने अपनी चपेट में लिया

जम्मू, एजेंसी। जम्मू–कश्मीर में रामबन जिले के एक गांव में रविवार सुबह आग लगने से चार रिहायशी मकान जलकर खाक हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि भट्टी गनोटे गांव में सुबह करीब छह बजे एक मकान में आग लगी, जो तेजी से आसपास के मकानों तक फैल गई। उन्होंने कहा कि दमकलकर्मियों ने कई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि आग में बशीर अहमद, फिरदौस अहमद, मोहम्मद इसराइल और इम्तियाज अहमद के मकान पूरी तरह जल गए। उनके अनुसार, हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। रामबन के उपायुक्त मोहम्मद इलियास खान और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अन्ना लता सिन्हा ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।

भाजपा विधायक रेखा पात्रा की सेहत बिगड़ी, घर पर तबीयत खराब होने के बाद अस्पताल पहुंचाया गया

बारासात, एजेंसी। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की विधायक रेखा पात्रा को घर पर तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पार्टी सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। उत्तर 24 परगना जिले के हिंगलगंज की विधायक पात्रा को शनिवार को पहले एक स्थानीय अस्पताल ले जाया गया और फिर बशीरहाट सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि हालांकि, डॉक्टरों ने उन्हें कोलकाता के एक निजी सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया। सूत्रों ने उनकी बीमारी के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य मंत्री शरद्वत मुखर्जी ने अस्पताल जाकर पात्रा से मुलाकात की। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि अब उनकी हालत स्थिर है। यह पूछे जाने पर कि क्या पात्रा की तबीयत खाद्य विषाक्तता के कारण बिगड़ी, जैसा कि खबरों में बताया जा रहा है, उन्होंने कहा, हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि उनकी तबीयत कैसे बिगड़ी।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में कांग्रेस का बड़ा सवाल, कहा, क्या बड़े नामों को बचाया जा रहा है

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी के मामले में दाखिल आरोपपत्र पर आज सवाल उठाते हुए कहा कि क्या इसके जरिए बड़े नामों को बचाने और गंभीर सवालों को दरकिनार करने की कोशिश की गई है। कांग्रेस महासचिव एवं संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि चढ़ावा चोरी, आस्था धोखा! राम मंदिर के चढ़ावे की चोरी के मामले में 74,000 पन्नों का आरोपपत्र दाखिल हुआ है लेकिन सवाल यह है कि क्या इस आरोपपत्र में चोरी की घटनाओं का पूरा ब्योरा है या सिर्फ 8 कर्मचारियों को आरोपी बनाकर बड़े नामों को बचाया गया है। गंभीर सवालों को दरकिनार किया गया है? रमेश ने आरोपपत्र का हवाला देते हुए कहा कि चार जून 2026 की रात श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय के व्हाट्सऐप पर चोरी का वीडियो पहुंच गया था जिसमें स्नानघर में रखी 2.25 लाख रुपये के नोटों की गड्डियां दिख रही थीं और इसके साथ भेजे गए संदेश में कहा गया था कि कई दिनों से चोरी हो रही है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पांच जून को चंपत राय के आवास पर अनिल मिश्रा, गोपाल (राव) और नरेन्द्र (सिंह) ने लैपटॉप पर चोरी के वीडियो देखे यानी न्यास के शीर्ष पदाधिकारियों के सामने चोरी के सबूत आ चुके थे। रमेश ने कहा कि इसके बावजूद प्राथमिकी 25 जून को दर्ज हुई।

प्रधानमंत्री की अपील से सोना कारोबारियों को राहत, भाजपा बोली–

व्यापारियों को नुकसान से बचाया



नयी दिल्ली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने रविवार को कहा कि इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा सोना नहीं खरीदने की अपील ने व्यापारियों को नुकसान से बचाया तथा इस अपील को डेथ वारंट और घबराहट पैदा करने वाला बताने के लिए विपक्षी कांग्रेस से माफी की मांग की। भाजपा की यह प्रतिक्रिया चौंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) द्वारा प्रधानमंत्री मोदी को एक पत्र लिखे जाने के बाद आई है। सीटीआई ने लोगों को सोना न खरीदने संबंधी प्रधानमंत्री की सलाह के लिए पत्र में उन्हें धन्यवाद दिया है। सीटीआई ने कहा कि प्रधानमंत्री की सलाह ने लाखों जौहरियों, व्यापारियों और निवेशकों को भारी नुकसान से बचाया, क्योंकि सोने की कीमत 1.90 करोड़ रुपये प्रति किलोग्राम से घटकर 1.25 करोड़ रुपये प्रति किलोग्राम हो गई, यानी इसमें 65 लाख रुपये प्रति किग्रा की कमी आई। साथ ही, यह भी कहा गया कि सोने की कीमतों में आई इस गिरावट से मौजूदा शादी–ब्याह के सीजन में परिवारों को काफी राहत मिली है। भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर की गई पोस्ट में कहा कि जब प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के लोगों से सोना खरीदने को टालने की अपील की, तो कांग्रेस ने इसे डेथ वारंट करार दिया था। उन्होंने कहा, वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में गिरावट आने से, प्रधानमंत्री मोदी की सलाह मानने वाले व्यापारियों को प्रति किग्रा सोना खरीदने पर 65 लाख रुपये की बचत हुई। व्यापारी संगठनों ने आज प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा, कांग्रेस को व्यापारियों को गुमराह करने और दहशत फैलाने के लिए उनसे माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा, गांधी–वाद्रा परिवार, जो तब आलीशान जीवन जीता था जब भारत की बहुसंख्यक आबादी गरीब थी, उसे प्रधानमंत्री मोदी से आर्थिक प्रबंधन और सादा जीवन जीने का तरीका सीखना चाहिए।

बीजेपी सांसद के निधन पर पीएम मोदी ने जताया दुख, बोले, समाज सेवा के लिए हमेशा याद किए जाएंगे

नयी दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राज्यसभा सदस्य रामराव वडकुते के निधन पर शोक व्यक्त किया तथा कहा कि समाज के प्रति उनके योगदान और गरीबों एवं वंचितों की सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। इसी साल उच्च सदन के लिए निर्वाचित हुए वडकुते का नयी दिल्ली के एक अस्पताल में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, राज्यसभा सदस्य रामराव वडकुते जी के निधन से बेहद दुखी हूं। समाज के प्रति उनके योगदान और गरीबोंएवं वंचितों की सेवा पर जोर देने के लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा को मजबूत करने के लिए वडकुते ने जो प्रयास किए, वे भी उतने ही उल्लेखनीय हैं।

ट्रक ने ऑटो–रिक्शा को मारी टक्कर, तीन महिलाओं समेत एक ही परिवार के चार लोगों की मौत

हैदराबाद तेलंगाना के विकाराबाद जिले में रविवार को सड़क हादसे में तीन महिलाओं समेत एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। यह हादसा ट्रक के ऑटो–रिक्शा में टक्कर मारने की वजह से हुआ है। पुलिस ने बताया कि यह हादसा बुग्गा रामेश्वरम के पास हुआ। ऑटो–रिक्शा के ड्राइवर और उसमें सवार तीन महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई। ऑटो–रिक्शा उसी जिले के पेंडलिमुडुगु गांव से केरेली की ओर जा रहा था। मरने वाले एक ही परिवार के थे। उनकी पहचान नागेश, चंद्रम्मा, पर्वतम्मा और सरिता के रूप में हुई है। वे पेंडलिमुडुगु गांव के रहने वाले थे और किसी काम से दूसरे गांव जा रहे थे, तभी ट्रक ने उनके ऑटो–रिक्शा को टक्कर मार दी। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए पास के सरकारी अस्पताल में भेज दिया है। पुलिस ने ट्रक के ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि उन्होंने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। वहीं, आंध्र प्रदेश के नेल्लोर जिले में एक और एक्सीडेंट में एक प्राइवेट ट्रैवल बस के चार पैसेंजर गंभीर रूप से घायल हो गए। गाड़ी का कंट्रोल खो गया था और वह खेत में जा गिरी। यह एक्सीडेंट नेल्लोर जिले में मनुबोलू चौराहे के पास हुआ। प्राइवेट बस का एक टायर फटने के बाद ड्राइवर ने बस पर से कंट्रोल खो दिया। बस सड़क से फिसलकर खेत में जा गिरी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को हॉस्पिटल पहुंचाया। इस बीच, आंध्र प्रदेश में एक और एक्सीडेंट में एक पॉपुलर तेलुगु टेलीविजन शो के दो कॉमेडियन घायल हो गए। उनकी कार बिजली के खंभे से टकरा गई। यह एक्सीडेंट वेस्ट गोदावरी जिले के पलाकोडेरू मंडल में पेन्नाडा अग्रहारम के पास हुआ। कार काकीनाडा से भीमावरम जा रही थी।

मुंबईः चार मंजिला रिहायशी इमारत में लगी आग, 8 लोगों को बचाया गया, दमकलकर्मी घायल

मुंबई, एजेंसी। रविवार तड़के दक्षिण मुंबई की चार मंजिला रिहायशी इमारत में आग लग गई। इस घटना में दो बच्चों समेत आठ लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया, जबकि एक दमकलकर्मी घायल हो गया। उन्होंने बताया कि आग आधी रात के आसपास गिल्डार लेन पर स्थित हीरा मंजिल (नवजीवन सोसाइटी के पास) की दूसरी मंजिल के एक कमरे में लगी थी। करीब पांच घंटे तक चले बचाव अभियान के बाद सुबह 5.05 बजे आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों के अनुसार दमकलकर्मियों ने टर्नटेबल सीढ़ी (ऊंची सीढ़ी) का इस्तेमाल करके तीसरी मंजिल पर फंसे एक पुरुष और दो महिलाओं को बचाया, जबकि पहली मंजिल से एक बुजुर्ग महिला को सीढ़ियों के रास्ते बाहर निकाला गया। उन्होंने बताया कि इसके अलावा चौथी मंजिल के एक कमरे से एक पुरुष, एक महिला, एक लड़के और एक लड़की को भी सीढ़ियों के रास्ते सुरक्षित नीचे लाया गया। बुजुर्ग महिला को घबराहट (पैनिक अटैक) होने के कारण पुलिस वैन से रिलायंस अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। बचाव अभियान के दौरान एक वरिष्ठ स्टेशन अधिकारी के दाहिने हाथ की हथेली पर कट लग गया था जिन्हें एम्बुलेंस से नायर अस्पताल ले जाया गयाय बाद में उन्हें भी अस्पताल से छुट्टी मिल गई। अधिकारियों ने बताया कि इमारत के पास पेट्रोल पंप होने की वजह से दमकलकर्मियों के लिए बचाव अभियान चलाना और भी चुनौतीपूर्ण हो गया था। उन्होंने बताया कि आग दूसरी मंजिल के कमरे में मौजूद बिजली की वायरिंग, लकड़ी के फर्नीचर, एयर–कंडीशनर और घर के अन्य सामान तक ही सीमित रही। आग लगने के सटीक कारण और नुकसान के दायरे का अभी पता नहीं चल पाया है।

आजम खान मुस्लिम नेता हैं तो सपा किसी मुसलमान को मुख्यमंत्री चेहरा घोषित करे : ओपी राजभर

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। प्रदेश सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और वरिष्ठ नेता आजम खान को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि अगर आजम खान वास्तव में मुस्लिम समाज के बड़े नेता हैं, तो उन्हें अखिलेश यादव से 2027 के विधानसभा चुनाव में किसी मुस्लिम नेता को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने की मांग करनी चाहिए। उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने बात करते हुए कहा कि असदुद्दीन ओवैसी ने कभी खुद को मौलाना नहीं बताया है। वह सार्वजनिक रूप से कहते हैं कि वह बैरिस्टर हैं और इस बात को स्पष्ट कर चुके हैं। मुस्लिम समाज ने चार बार एक यादव नेता को मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट दिया है। ऐसे में अब अखिलेश यादव को किसी मुस्लिम नेता को



मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करना चाहिए। राजभर ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्हें चुनौती से पीछे हटने वाला नेता बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश यादव की अयोध्या आकर चुनाव लड़ने की चुनौती स्वीकार की थी, लेकिन अखिलेश खुद चुनाव लड़ने से पीछे हट गए। राजभर ने कहा कि वह सार्वजनिक मंच से यह बात कह रहे हैं कि अखिलेश यादव चुनौती देने के बाद खुद पीछे हट जाते हैं। एनडीए की चुनावी तैयारियों पर राजभर ने कहा कि गठबंधन को जो भी सीटें मिलेंगी, उन सभी पर जीत हासिल होगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद जगदंबिका पाल ने भी अखिलेश यादव पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने 2017 और 2022 के विधानसभा चुनावों में उत्तर प्रदेश में सरकार बनाने की कोशिश की, लेकिन उसे सफलता नहीं मिली। प्रदेश की जनता ने दोनों चुनावों में सपा को सत्ता से बाहर रखा। अखिलेश यादव भले ही 2027 में सरकार बनाने का सपना देख रहे हों, लेकिन जनता को सपा शासनकाल का दौर याद है। ऐसे में आगामी चुनाव में भी पिछले चुनावों जैसे परिणाम देखने को मिलेंगे। जगदंबिका पाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश में तीसरी बार एनडीए की सरकार बनेगी और गठबंधन जीत की हैट्रिक लगाएगा। अखिलेश यादव के अग्निवीर योजना से जुड़े मुद्दे पर भी उन्होंने कहा कि सेना भारत सरकार के अधीन आती है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के चुनाव के आधार पर अखिलेश यादव चाहकर भी इस व्यवस्था को खत्म नहीं कर सकते।

ने जनता से किए गए वादों को पूरा कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी देश ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लोकप्रिय नेताओं में शामिल हैं। एनडीए में शामिल सभी दल एक–दूसरे को मजबूत करने के लिए लगातार कार्यक्रम कर रहे हैं। गठबंधन की सभी पार्टियां प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों पर चुनावी तैयारियां कर रही हैं। सीटों के बंटवारे को लेकर बातचीत चल रही है। जब सीटों का बंटवारा होगा, तब इसकी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि गठबंधन को

संपादकीय

अश्लीलता की लीला

इसमें दो राय नहीं कि सोशल मीडिया समाज में सहज–सरल संवाद व मुखर अभिव्यक्ति का माध्यम बना है। लेकिन इसमें संपादक नामक संस्था न होने के कारण यह माध्यम धीरे–धीरे अराजक सामग्री, हिंसक अभिव्यक्ति और अश्लीलता का प्रसारक व पोषक बनता जा रहा है। दरअसल, इन कंपनियों का प्रारूप कुछ इस तरह बनाया गया है कि सामाजिक मर्यादाओं का अतिक्रमण करने वाली और बच्चों के मन–मस्तिष्क पर बुरा असर डालने वाली सामग्री दर्शकों का ध्यान ज्यादा खींचती है। कुछ समय पहले सोशल मीडिया माध्यमों पर बच्चों के यौन–शोषण से जुड़ी सामग्री के विज्ञापनों के प्रसारण को लेकर सरकार ने सख्त रवैया अपनाया था। बाकायदा मेटा को इस बाबत नोटिस भी दिया गया था। तब भी इन कंपनियों की जवाबदेही और निगरानी व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगे थे। विडंबना ही है कि हिंसक, अश्लील व सनसनी फैलाने वाली सामग्री को दर्शकों की ज्यादा प्रतिक्रिया मिलती है, जो इन कंपनियों के अर्थशास्त्र का आधार भी है। विडंबना यह भी है कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का एल्गोरिद्म उपयोगकर्ताओं की अभिरुचि और प्रतिक्रिया के चलते ऐसी सामग्री का अधिक प्रसार करने लगता है। अब सरकार की प्रतिक्रिया व कुछ प्रबुद्ध लोगों के प्रतिरोध के बाद इंस्टाग्राम ने अपने कंटेंट रिकमेंडेशन सिस्टम में बदलाव लाने की बात कही है। इसके अंतर्गत दावा किया जा रहा है कि एआई की मदद से अश्लील व हिंसक सामग्री की संस्तुति को उपयोगकर्ताओं तक पहुंचने से पहले ही हटाने का प्रयास किया जाएगा। लेकिन सवाल यह है कि क्या ऐसी सामग्री को बढ़ावा देने में कंपनी की कोई भूमिका होती है? यदि नहीं, तो इसे कौन बढ़ावा देता है? सवाल यह भी है कि प्लेटफॉर्म पर सामग्री की निगरानी करने वाला एल्गोरिद्म भारतीय परिवेश में वर्जित सामग्री को लेकर अपेक्षित संवेदनशीलता दिखा पाएगा? बहुत संभव है कि सोशल मीडिया पर सूचनाओं व कार्यक्रमों का स्वरूप निर्धारित करने में पश्चिमी समाज का दृष्टिकोण प्रभावी होता हो। तो क्या एआई आधारित निगरानी व्यवस्था समस्या का संपूर्ण समाधान दे पाएगी? वास्तव में इस बात की संभावना कम ही नजर आती है कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित फिल्टरिंग व्यवस्था सोशल मीडिया पर अश्लील व आपत्तिजनक सामग्री पर पूरी तरह नियंत्रण लगा सकेगी। मशीन मानवीय अहसासों को पूरी तरह नहीं समझ सकती। इसलिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के साथ मानवीय निगरानी और शिकायतों के शीघ्र निस्तारण का तंत्र भी बने। अब तो जो पश्चिमी देश कल तक सोशल मीडिया का गुणगान करते नहीं अघाते थे, वे भी इससे बच्चों में पनपती विकृतियों की हकीकत समझने लगे हैं। ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, स्कॉटलैंड आदि देशों ने एक निर्धारित उम्र के किशोरों की सोशल मीडिया तक पहुंच पर रोक लगाई है। न्यू मेक्सिको में एक जूरी ने मेटा को इस बात के लिए जवाबदेह ठहराया कि उसके प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध वयस्क सामग्री तक बच्चों की पहुंच बनी हुई है, जिससे उनके जीवन में यौन अपराधियों से खतरा बढ़ गया है। लेकिन भारत जैसे देशों में सोशल मीडिया के बच्चों के जीवन पर घातक प्रभावों के बावजूद नियामक कानून न होने से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो पाती है। मांग की जा रही है कि एक निर्धारित आयु से अधिक उम्र के बच्चे ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म तक पहुंच बना सकें। विडंबना यह भी है कि बच्चों को संस्कार अब माता–पिता व शिक्षक नहीं, बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों का दोहन करने वाले स्वार्थी तत्व दे रहे हैं, जो भारतीय जीवन–मूल्यों व संस्कारों से मेल नहीं खाते। आज सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्मों पर इतनी अश्लील व द्विअर्थी सामग्री का प्रवाह है कि हमारे किशोर आपराधिक प्रवृत्तियों की ओर उन्मुख हो रहे हैं। सोशल मीडिया के नकारात्मक प्रभावों के चलते आज बच्चों के नायक व आदर्श बदल गए हैं। उनका नजरिया बदल रहा है। अश्लील सामग्री की उपलब्धता ने ब्रह्मचर्य के भारतीय दर्शन को ताक पर रख दिया है। इसका प्रभाव बच्चों के शैक्षिक प्रदर्शन व एकाग्रता पर भी पड़ेगा। दुखद है कि बच्चे इंटरनेट पर उपलब्ध अश्लील सामग्री से अपरिपक्व उम्र में रूबरू हो रहे हैं। फलतः अल्पवयस्कों में यौन अपराधों की वृद्धि घातक स्तर तक पहुंच रही है। इस प्रवृत्ति पर नियंत्रण के लिए घर और स्कूल में बच्चों को सोशल मीडिया के स्याह पहलुओं से अवगत कराना जरूरी है।

बारहनाजा कई मायनों में उपयोगी

बाबा मायाराम

जड़धारी जी बताते हैं कि शुरूआत में हमें देसी बीज ढूंढने में दिक्कतें आईं। दूर–दूर के गांवों में जाकर देसी बीज एकत्र किए। चूंकि खेती का अधिकांश काम महिलाएं करती हैं, इसलिए उन्हें इस काम से जोड़ा।

उत्तराखंड के टिहरी गढ़वाल के जड़धार गांव के एक किसान हैं विजय जड़धारी, जो एक जमाने में चिपको आंदोलन के कार्यकर्ता रह चुके है। उन्होंने 80 के दशक में देसी बीज बचाने के लिए बीज बचाओ आंदोलन की शुरूआत की थी। जो पारंपरिक देसी बीज, हरित क्रांति के संकर बीज आने के बाद लुप्त हो रहे थे, उन्हें न केवल दूर–दूर गांवों में जाकर में तलाश किया, संग्रहीत किया, बल्कि खुद खेतों में उगाया, उनकी खेती की। आज के स्तंभ में इसी कहानी को बताना चाहूंगा। बारहनाजा का शाब्दिक अर्थ बारह अनाज है, पर इसके अंतर्गत बारह अनाज ही नहीं, बल्कि दलहन, तिलहन, शाक–भाजी, मसाले व रेशा शामिल हैं। इसमें 20–22 प्रकार के अनाज होते हैं। इन अनाजों में कोदा (मंडुवा), मारसा (रामदाना), ओगल (कुट्टू), जोन्याला (ज्वार), मक्का, राजमा, गहथ (कुलथ), भट्ट (पारंपरिक सोयाबीन), रैयास (नौरंगी), उड़द, सुंटा, रगड़वांस, तोर, मूंग, भगंजीर, तिल, जख्या, सण (सन), काखड़ी इत्यादि। विजय जड़धारी बताते हैं कि मंडुवा बारहनाजा परिवार का मुखिया कहलाता है। असिंचित व कम पानी में यह अच्छा होता है। पहले मडुंवा की रोटी ही लोग खाते थे, जब गेहूं नहीं था। पोषण की दृष्टि से यह भी बहुत पौष्टिक है। जड़धारी जी बताते हैं कि शुरूआत में हमें देसी बीज ढूंढने में दिक्कतें आईं। दूर–दूर के गांवों में जाकर देसी बीज एकत्र किए। चूंकि खेती का अधिकांश काम महिलाएं करती हैं, इसलिए उन्हें इस काम से जोड़ा। इस पूरे आंदोलन में महिलाओं को प्राथमिकता दी। वे आगे बताते हैं कि बारहनाजा मिश्रित फसल पद्धति है, जिसमें खरीफ की फसलें होती हैं। इस पद्धति में मिट्टी के साथ रिश्ता है। इस पद्धति में मिट्टी की सेवा भी होती है। मंडुवा, रामदाना, कुट्टू मिट्टी से ज्यादा ताकत लेते हैं। इसलिए दलहन की फसलें लगाई जाती हैं। यह मिट्टी को उपजाऊ बनाने का काम करती हैं। दालों से नत्रजन मिलता है। यह सब किसानों ने अपने अनुभव से सीखा है। इसकी फसलें अलग–अलग होते हुए भी एक दूसरे की सहायक हैं। रामदाना, मंडुवा, ज्वार ऊपर की तरफ ऊंची बढ़ती हैं। बेलवाली दालें उससे लिपट जाती हैं। एक दूसरे को सहारा देती हैं। नियंत्रित करती हैं और उन्हें बढ़ाने में सहायक होती हैं। जड़धारी बताते हैं कि बारहनाजा की फसलें मई–जून में बोई जाती हैं और सितंबर–अक्टूबर में उनकी कटाई हो जाती है। इससे समय–समय पर लोगों को काम भी मिलता है। 4 महीने खेत खाली रहते हैं। यानी इस बीच खेतों की छुट्टी होती है, इससे खरपतवार का नियंत्रण होती है, मिट्टी फिर से उपजाऊ बनती है, यह जांचा परखा तरीका है। वे कहते हैं अब हमारे भोजन से विविधता गायब है। चावल और गेहूं में ही भोजन सिमट गया है। जबकि पहले बहुत अनाज होते थे। उन्होंने कहा भोजन पकाने के लिए चूल्हा कैसा होना चाहिए, पकाने के बर्तन कैसे होने चाहिए, यह भी गांव वाले तय करते हैं। उन्होंने पूछा क्या किसी कांदा (कंद) को गैस चूल्हे में भूना जा सकता है। यह खेती लगभग बिना लागतवाली है। बीज खुद किसानों का होता है, जिसे वे घर के बिजुड़े (पारंपरिक भंडार) से ले लेते हैं। पशुओं व फसलों के अवशेष से जैविक खाद मिल जाती है, जिसे वे अपने खेतों में डाल देते हैं। परिवार के सदस्यों की मेहनत से फसलों की बुआई, निंदाई–गुड़ाई, देखरेख व कटाई सब हो जाती है। इसके अलावा, निंदाई–गुड़ाई के लिए कुदाल, दरांती, गैंती, फावड़ा आदि की लकड़ी भी पास के जंगल से मिल जाती है। गांव के लोग ही खेती के औजार बनाते हैं। जड़धारी जी कहते हैं कि हमारी खेती समावेशी खेती है। उससे मनुष्य का भोजन भी मिलता है और पशुओं का भी। वे पालतू पशुओं को पशुधन कहते हैं। यह किसानी की रीढ़ है। लम्बे ठंडल वाली फसलों से जो भूसा तैयार होता था, उसे पशुओं को खिलाया जाता था। जंगल में भी चारा बहुतायत में मिलता था। पशुओं के गोबर व मूत्र से जैव खाद तैयार होती थी जिससे जमीन उपजाऊ बनी रहती थी। बारहनाजा के बीज सभी किसान रखते हैं। खाज खाणु अर बीज धारनु (खाने वाला अनाज खाओ किन्तु बीज जरूर रखो)। बिना बीज के अगली फसल नहीं होगी। बीजों को सुरक्षित रखने के लिए तोमड़ी (लौकी की तरह ही) का इस्तेमाल किया जाता था। जलवायु परिवर्तन हो रहा है, यह असलियत है। लेकिन बारहनाजा में इसका मुकाबला करने की क्षमता है, ऐसा अनुभव रहा है। जैसे अगर ज्यादा बारिश होती है, सूखा होता है या जंगली जानवर का आक्रमण होता है तो अगर कुछ फसलों का नुकसान होता है लेकिन उसकी पूर्ति दूसरी फसलों से हो जाती है। उन्होंने बताया कि जंगली भालू मंडुवा को बहुत पसंद करता है और खाता है पर दूसरी फसलों को नहीं खाता। इसी प्रकार, बंदर चौलाई को नहीं छेड़ते यानी नहीं खाते। बारहनाजा जैसी मिश्रित पद्धतियों का फायदा यह है कि किसी भी प्रतिकूल परिस्थिति में किसान को कुछ न कुछ मिल जाता है। जबकि एकल फसलों में पूरी की पूरी फसल का नुकसान हो जाता है, और किसान के हाथ कुछ नहीं लगता है। जड़धार गांव के बीज बचाओ आंदोलन के कार्यकर्ता बताते हैं कि बारहनाजा खेती की पद्धति ही नहीं, एक जीवन पद्धति है। यह पर्वतीय क्षेत्र के लिए उपयुक्त पद्धति है। क्योंकि यहां पहाड़ी में छोटे–छोटे खेत हैं। ज्यादातर खेतों का काम खुद हाथ से करना होता है। हम खेती में एक दूसरे की मदद भी करते हैं। मोहल्ले की लोग बारी–बारी से एक दूसरे के खेतों में काम करते हैंजिससे सबका काम हो जाए और ज्यादा बोझ भी किसी एक पर न पड़े। विजय जड़धारी, जिन्होंने बारहनाजा पद्धति को फिर से लोकप्रिय बनाया, कहते हैं कि अब किसानों को बारहनाजा की फसलों से अच्छी आमदनी भी हो रही है। डाक्टर कई बीमारियों के लिए मंडुवा व सांवा खाने की सलाह देते हैं। इससे इनके दाम बाजार से ज्यादा भी मिलते हैं। रामदाना तो सबसे अच्छा पहाड़ का ही होता है, इस कारण बाजार में इसके अच्छे दाम मिलते हैं। उत्तराखंड सरकार ने पौष्टिक अनाजों को खरीदने के लिए खरीद केन्द्र बनाएं हैं। मूल्य निर्धारण भी किया है, और उनकी खरीदी की जा रही है। बल्कि इन पर बोनस भी दिया जा रहा है। कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि बारहनाजा जैसी पद्धतियां सूखा में भी उपयोगी हैं और उसमें खाद्य सुरक्षा भी संभव है।

नागरिकों की संवैधानिक गारंटी की रक्षा करने में नाकाम रहा है चुनाव आयोग

नीलोत्पल बसु

पिछले डेढ़ साल से मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) सुर्खियों में बना हुआ है। शुरुआत में, यह यूट्यूबरों, वेबसाइटों, और अन्य डिजिटल माध्यमों के जरिए स्वतंत्र मीडिया तक ही सीमित था। लेकिन यह प्रक्रिया इतना विवादित और कभी–कभी इतना अपमानजनक रहा है कि यह विषय अब मुख्यधारा के समाचार माध्यमों में भी काफी जगह ले रहा है। बेशक, यह मुद्दा इसलिए भी इतना प्रमुख हो गया है क्योंकि विपक्ष ने जनता का ध्यान बनाए रखने और इस विषय को सुर्खियों में रखने की पहल की है। यह उम्मीद के मुताबिक ही था, क्योंकि इसमें चुनावी लोकतंत्र का स्वभाव शामिल है। एक चुनी हुई सरकार की वैधता चुनावी प्रक्रिया के संचालन की पारदर्शिता और निष्पक्षता पर निर्भर करती है। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि इसके लिए मूल रूप से एक समान खेल के मैदान की जरूरत है, जिसे सुनिश्चित करने का काम चुनाव आयोग का है। इसी वजह से मौजूदा भारतीय चुनाव आयोग इतनी गहरी जांच के दायरे में आया है। हालांकि, जिस बात पर जोर देने की जरूरत है, वह है नागरिकता का विचार। यही मुख्य सवाल है जिसे ठीक से समझने और समझाने की जरूरत है। एसआईआर के विवादित चरित्र के सुबूत के तौर पर, बिहार में अपने शुरुआती दौर से ही, मामलों को न्यायपालिका, खासकर सर्वोच्च न्यायालय को भेजा जाता था और क्या उम्मीद भी की जा सकती थी? संविधान खुद साफ–साफ कहता है कि चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता चुनाव आयोग के स्वतंत्र कामकाज पर निर्भर करती है, और इसलिए यह इसे एक स्वतंत्र संवैधानिक संस्था बनाता है, जो इसे बाहरी राजनीतिक दबावों, खासकर सत्तारूढ़ पार्टी के दबावों से बचाता है। यह पक्का करने के लिए, संविधान ने आर्टिकल 326 में साफ कहा था कि चुनाव सच में सार्वभौमिक मतदान के अधिकार से चलने वाला होना चाहिए, जिसके केंद्र में नागरिक हो। संविधान ने मतदाता की नागरिकता को स्वघोषणा के आधार पर माना। हालांकि, चुनाव आयोग को उस स्वघोषणा की पुष्टि करने की जिम्मेदारी दी गई थी। बाद के कानूनों और नियमों ने, जब भी जरूरत हो, ऐसे पुष्टिकरण के लिए एक कानूनी प्रक्रिया तय की। लेकिन बारीक बातें साफ नहीं थीं। चुनाव आयोग के पास किसी मतदाता की नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं था। उन नियमों के तहत खास फॉर्म दिए गए थे, जिन्हें अगर आस–पास के दूसरे नागरिकों को उस वोटर की पहचान पर शक हो तो भरा जा सकता था। भले ही सर्वोच्च न्यायालय ने कई कानूनी विवादों को पूरी तरह से सुलझाया नहीं, लेकिन उसने जोर देकर कहा है कि मतदाता का नाम मतदाता सूची में होना या न होना उसकी नागरिकता पर आखिरी फैसला नहीं माना जा सकता। यह भी बहुत साफ है कि फॉर्म 7 का इस्तेमाल, और चुनाव आयोग द्वारा इसकी पहचान और पुष्टिकरण, एसआईआर पर पूरी बहस के सबसे विवादित पहलुओं में से एक रहा है। नाम हटाने के लिए फॉर्म 7 का गलत इस्तेमाल, भाजपा और उसके बूथ–लेवल एजेंटों द्वारा, और यहां तक कि खुद चुनाव आयोग द्वारा (विशेषकर पश्चिम बंगाल में) इसे बड़ी संख्या में जमा करना, अब सर्वोच्च न्यायालय के सामने चुनाव आयोग के अपने हलफनामे के जरिए रिकॉर्ड में है। असल बात यह है कि बड़ी संख्या में मतदाताओं को बड़े पैमाने पर मतदान करने के अधिकार से वंचित किया गया है। अब बिना कही गई लेकिन अंदरूनी कहानी यह है कि जिनके नाम हटाए गए हैं, उन्हें गैर–नागरिक माना जा रहा है। इस कहानी से गहराई से जुड़ा हुआ है भाजपा–आरएसएस का अभियान, खासकर असम और बंगाल में, जिसमें आरोप लगाया गया है कि बांग्लादेश से आए घुसपैठियों ने मतदाता सूची में घुसपैठ की है और मतदाता सूची को खराब कर दिया है। इस कहानी को चुनाव आयोग ने 24 जून, 2025 को अपनी पहली अधिसूचना में आधिकारिक तौर पर सही ठहराया था। भले ही चुनाव आयोग के पास नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं है, लेकिन उसने शायद इस अधिकार को मत देने के अधिकार से वंचित करने की मुख्य वजह बताया है। क्या यह अचानक हुआ? जवाब है नहीं। अमित शाह का जोरदार दावा था कि मतदाता सूची में बदलाव का मकसद श्उन घुसपैठियों का पता लगाना, उन्हें हटाना और देश से निकालनाश होगा जिन्होंने श्मतदाता सूची को खराब किया हैश। लेकिन, चुनाव आयोग अपने औपचारिक फैसले लेने की प्रक्रिया में ऐसा कोई सुबूत नहीं दे पाया कि ऐसा कोई मामला बनाया गया था। लगभग 13.5 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से काटे जाने के बावजूद, पहचाने गए घुसपैठियों की संख्या बहुत कम है। इस छोटी सी संख्या में भी, ज्यादातर नेपाल से थे। कुछ राज्यों के मुख्य चुनाव अधिकारियों ने बताया है कि यह सवाल पूछा ही नहीं गया था। इसलिए, यह साफ है कि घुसपैठियों का पूरा मुद्दा नागरिकता को सामने लाने और उस पर बड़ा सवालिया निशान लगाने के लिए एक हौवा था। इस बीच, भाजपा की अगुवाई वाली राज्य सरकारों और अब केंद्र सरकार के पंचायती राज मंत्रालय ने भी ऐलान कर दिया है कि सरकारी योजनाओं और फंड तक पहुंच के लिए आधार कार्ड नहीं, बल्कि एपिक (वोटर आईडी कार्ड) और बायोमेट्रिक्स को आधार बनाया जाएगा, जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने इसके उलट राय दी है। इस बहाने से नागरिकता को आगे बढ़ाया जा रहा है। नागरिकता के सवाल पर संशय होने की स्थिति में, हमें नागरिकता के मुद्दे पर हिंदुत्ववादी ताकतों के ऐतिहासिक रुख पर एक नजर डालनी होगी। सावरकर ने अपने पैम्फलेट हू इज अ हिंदू (हिंदू कौन है) में यह तर्क दिया था कि जिन लोगों के लिए भारत पितृभूमि और पुण्यभूमि दोनों है, उन्हें ही नागरिक माना जाना चाहिए। इस तरह, धार्मिक पहचान को राष्ट्र और नागरिकता के आधार के रूप में परोक्ष रूप से स्थापित करने की कोशिश की गई। बाद में, गोलवलकर ने अपनी किताब वी ओर आवर नेशनहुड डिफाइंड (हम या हमारी राष्ट्र–परिभाषा) में इसे और भी स्पष्ट शब्दों में दोहराया। लेकिन लगभग सात दशकों तक नागरिकता का यह सवाल दबा रहा, जिसे बाद में राम जन्मभूमि अभियान के दौरान फिर से जोर–शोर से उठाया गया। हालांकि, अगर बारीकी से देखा जाए, तो सावरकर का दृष्टिकोण आज की मांग से कुछ अलग है। आज शहिंदू राष्ट्रश की जो मुहिम चल रही है, उसमें ब्राह्मणवादी धार्मिकता का कहीं अधिक खुला और प्रत्यक्ष आग्रह दिखाई देता है। कुल मिला कर, इसका मकसद राष्ट्र और नागरिकता को परिभाषित करने के लिए धार्मिक पहचान के सवाल को जबरन बीच में लाकर, हमारे गणतंत्र के लोकतांत्रिक और धर्मनिरपेक्ष आधार को नकारना है। इसलिए, मौजूदा हमला सिर्फ वोट देने के अधिकार तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नागरिकता और राष्ट्र की अवधारणा की जड़ पर प्रहार करता है। इन व्यापक परिणामों को समझे बिना, आज की इस गंभीर चुनौती का सामना नहीं किया जा सकता।

भारत जापान की नई रणनीतिक धूरी से बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा

ललित गर्ग

19 नवंबर 2026 को टोक्यो में हुई चौथी भारत–जापान 2+2 विदेश एवं रक्षा मंत्रिस्तरीय वार्ता केवल दो देशों के बीच एक कूटनीतिक बैठक नहीं थी, बल्कि बदलती विश्व–व्यवस्था में भारत की बढ़ती भूमिका का सशक्त संकेत थी। भारत की ओर से रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर तथा जापान की ओर से विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी और रक्षा मंत्री शिंजिरो कोइजुमी ने जिस व्यापक रणनीतिक दृष्टि के साथ संवाद किया, उसने भारत–जापान संबंधों को सुरक्षा, तकनीक, समुद्री सहयोग, आर्थिक सुरक्षा और वैश्विक शासन के नए आयामों से जोड़ा है। इस वार्ता का सबसे महत्वपूर्ण संदेश यह है कि भारत अब केवल वैश्विक शक्ति–संतुलन का दर्शक नहीं, बल्कि उसे आकार देने वाली शक्ति बन रहा है। जापान के साथ बढ़ता सहयोग इसी परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण अध्याय है। दोनों देशों ने स्वतंत्र, खुले, समावेशी और नियम–आधारित हिंद–प्रशांत की प्रतिबद्धता दोहराई तथा समुद्री और वायु क्षेत्र की निगरानी, सूचना–साझेदारी, खोज एवं बचाव, साइबर सुरक्षा, एआई तथा रक्षा उद्योग में सहयोग को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत में जापानी आत्मरक्षा बलों द्वारा फायरिंग रेंज के उपयोग की दिशा में समझौता और 'डिजाइन विद जापान, मेक इन इंडिया' के तहत रक्षा औद्योगिक सहयोग को आगे बढ़ाने की सहमति इस साझेदारी को घोषणाओं से निकालकर व्यावहारिक धरातल पर ले जाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। यहां रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत की रक्षा नीति अब केवल हथियार खरीदने तक सीमित नहीं है, उसका लक्ष्य देश को रक्षा उत्पादन, तकनीक, अनुसंधान और निर्यात की दृष्टि से सक्षम बनाना है। हाल ही में रक्षा मंत्री ने बताया कि भारत का रक्षा उत्पादन 1.80 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर तक पहुंच चुका है और रक्षा निर्यात 38,000 करोड़ रुपये के उच्चतम स्तर पर पहुंचा है। जापान के साथ रक्षा–तकनीक और औद्योगिक सहयोग इस आत्मनिर्भरता को अंतरराष्ट्रीय तकनीकी साझेदारी से जोड़ सकता है। दूसरी ओर डॉ. एस. जयशंकर भारत की उस विदेश नीति के प्रमुख सूत्रधारों में हैं जिसने भारत को 'किसी एक खेमे' की शक्ति के बजाय अपने हितों और सिद्धांतों के आधार पर विश्व के विभिन्न शक्ति–केंद्रों के साथ संवाद करने वाली प्रभावशाली शक्ति बनाया है। जापान के साथ रणनीतिक विश्वास, क्वाड जैसे मंचों पर सहयोग, हिंद–प्रशांत की स्थिरता और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सुधार के लिए पारस्परिक समर्थन इसी व्यापक कूटनीतिक दृष्टि के हिस्से हैं। दोनों देशों ने एक–दूसरे की स्थायी सदस्यता की दावेदारी का समर्थन भी दोहराया है। लेकिन इस पूरी तस्वीर को समझने के लिए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की व्यापक विदेश नीति और 'विकसित भारत' के संकल्प से जोड़कर देखना आवश्यक है। प्रधानमंत्री की विदेश नीति में सुरक्षा और अर्थव्यवस्था अलग–अलग विषय नहीं हैं। आज भारत जिस देश से रक्षा तकनीक लेता है, उसके साथ व्यापार बढ़ाता है। जहां निवेश आकर्षित करता है, वहां भारतीय उद्योग के लिए बाजार भी खोजता है और जहां रणनीतिक सहयोग करता है, वहां भारतीय प्रतिभा, तकनीक और संस्कृति की प्रतिष्ठा भी स्थापित करता है। यही विदेश नीति को आर्थिक शक्ति और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा से जोड़ने की नई भारतीय शैली है। 19 नवंबर को ही नई दिल्ली में फिक्की के शताब्दी समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने उद्योग जगत के सामने इसी दृष्टि को अत्यंत स्पष्टता से रखा। फिक्की का सम्मेलन 'भारत 2047' की थीम पर हुआ और इसमें उद्योग जगत, राजनयिकों, नीति–निर्माताओं और वैश्विक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रधानमंत्री ने उद्योग से कहा कि अगले 20 वर्षों के प्रत्येक दीर्घकालिक निवेश निर्णय का आधार 'इंडिया फर्स्ट' होना चाहिए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भारत का विशाल घरेलू बाजार उद्योग का 'कम्फर्ट जोन' नहीं बनना चाहिए, बल्कि वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा का आत्मविश्वास पैदा करने वाला आधार बनना चाहिए। यहीं टोक्यो की 2+2 बैठक और फिक्की के मंच का अद्भुत संबंध दिखाई देता है। एक ओर राजनाथ सिंह और जयशंकर भारत की सुरक्षा और कूटनीतिक शक्ति को विश्व में विस्तार दे रहे हैं, दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी भारतीय उद्योग को विश्व बाजार में उतरने का आह्वान कर रहे हैं। अर्थात् भारत की विदेश नीति का अगला चरण केवल 'भारत के लिए दुनिया' नहीं, बल्कि 'दुनिया के लिए भारत' बनाने का चरण है। प्रधानमंत्री का संदेश केवल उद्योगपतियों के लिए नहीं है। विकसित भारत का निर्माण सरकार अकेले नहीं कर सकती। सरकार दिशा और वातावरण तैयार कर सकती है, लेकिन आर्थिक शक्ति उद्योग पैदा करता है, नवाचार युवा पैदा करते हैं, उत्कृष्टता वैज्ञानिक और पेशेवर पैदा करते हैं तथा भारत की प्रतिष्ठा सामान्य नागरिक के व्यवहार से भी बनती है। इसलिए आज आवश्यकता है कि भारतीय उद्योगपति केवल भारत में सफल होने की मानसिकता से आगे बढ़कर विश्व बाजारों में भारतीय ब्रांड की पहचान स्थापित करें। प्रधानमंत्री ने फिक्की में वैश्विक ग्राहकों की जरूरतों को समझने, स्थानीय बाजारों के अनुरूप उत्पाद बनाने, वैश्विक मानकों को अपनाने और मजबूत वितरण नेटवर्क विकसित करने पर विशेष जोर दिया। यह संदेश भारतीय उद्योग के लिए आर्थिक नीति से अधिक राष्ट्रीय दायित्व का संदेश है। इसी प्रकार प्रत्येक नागरिक का योगदान भी महत्वपूर्ण है। एक भारतीय जब ईमानदारी से अपना कार्य करता है, कानून का सम्मान करता है, सार्वजनिक संपत्ति की रक्षा करता है, स्वच्छता और अनुशासन अपनाता है, भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने में योगदान देता है और दुनिया के सामने भारत की सकारात्मक छवि प्रस्तुत करता है, तब वह अनजाने में भारत की 'सॉफ्ट पावर' को मजबूत करता है। विश्वगुरु बनने का अर्थ केवल उपदेश देना नहीं, बल्कि दुनिया को अपने आचरण, ज्ञान, तकनीक, अर्थव्यवस्था, संस्कृति और मानवीय मूल्यों से प्रभावित करना है। भारत–जापान संबंध इस यात्रा का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। जापान तकनीक, पूंजी, गुणवत्ता, अनुशासन और विनिर्माण संस्कृति का प्रतीक है, भारत विशाल बाजार, युवा मानव संसाधन, डिजिटल क्षमता, प्रतिभा और नवाचार की शक्ति रखता है। दोनों की क्षमताएं एक–दूसरे की पूरक हैं।

पंचायती अखाड़ों ने स्वगणना में किया प्रतिभाग, प्रयागराज के नागरिकों से भागीदारी की किया अपील







प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। नगर निगम प्रयागराज की ओर से स्वगणना के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में निर्मल अखाड़ा के महंत श्री देवेंद्र शास्त्री, महंत श्री दुर्गा दास जी पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन, बागांबरी गद्दी महंत श्री बलबीर गिरी जी महाराज, महंत श्री यमुनापुरी जी पंचायती अखाड़ा महानिरवानी सहित अन्य महंतों के द्वारा स्वगणना कार्य कराया गया जनसंपर्क अधिकारी संजय ममगेनं ने महंतों से मुलाकात कर उन्हें स्वगणना में भागीदारी करने तथा प्रयागराज के सभी नागरिकों को इसके प्रति जागरूक कर अधिक से अधिक लोगों से स्वगणना में प्रतिभाग करने की अपील करने का आग्रह किया।

महंतों ने नगर निगम की इस पहल में सहयोग करते हुए प्रयागराज में रहने वाले सभी लोगों से स्वगणना में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनगणना की प्रक्रिया में प्रत्येक नागरिक की भागीदारी महत्वपूर्ण है।

इस दौरान संजय ममगेन मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, जोनल अधिकारी जोन 4 नवनीत संखवार, सफाई निरीक्षक अर्चना, राजस्व निरीक्षक सूरज सिंह और जोन की टीम द्वारा सभी पंचायती अखाड़े में स्वगणना का कार्य कराया गया।

सीसीटीवी कप पर ईवीटीईक्यू इलेवन का कब्जा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। अरहम सिद्दीकी की अचूक गेंदबाजी (4/21) और अविनाश यादव की तूफानी बल्लेबाजी (66 रन) की बदौलत



ईवीटीईक्यू इलेवन ने एंकोर्ड–इलेवन को 25 रन से हराकर सीसीटीवी क्रिकेट प्रतियोगिता का खिताब पर कब्जा जमाया। दौलत हुसैन कालेज मैदान पर रविवार को खेले गए मुकाबले में ईवीटीईक्यू इलेवन पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 160 रन (अरहम सिद्दीकी 49, पप्पू और मोहम्मद मुअज्जम 16–16, अविनाश यादव और कृष्णा यादव ने दो–दो विकेट) बनाये। जवाब में एंकोर्ड इलेवन की टीम 17.4 ओवर में 135 रन (अविनाश यादव 66, अजेंद्र सिंह पटेल 14, मोहम्मद इमरान 12, अरहम सिद्दीकी 4/21, मोहम्मद मुअज्जम और मुबल्लिग अमीर ने दो–दो विकेट) पर सिमटी। फाइनल के मुख्य अतिथि देवेश मिश्रा रहे। अजेंद्र सिंह को बेस्ट बैटर एवं बेस्ट बॉलर चुना गया, जबकि अरहम सिद्दीकी को मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार प्रदान किया गया। अतुल खरे, मेराज खान एवं अवनीश वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर मोहम्मद रिजवान, इरफान सिद्दीकी, पंकज कुशवाहा, बृजेश श्रीवास्तव, राकेश कुमार, अजमान खान, फुरकान और सनी हैदर मौजूद रहे।

इंपीरियल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के शहरोज कामरान ने निबंध प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मऊआइमा। शैक्षिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में इंपीरियल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। सोरांव स्थित एलडीसी पब्लिक स्कूल में आयोजित उड़ान 2026 प्रतियोगिता में मऊआइमा के ब्लॉक बाजार स्थित इम्पीरियल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग कर चार पदक हासिल किए। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 11 के छात्र शहरोज कामरान ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। वाद–विवाद प्रतियोगिता में कक्षा 12 की छात्रा सारा लतीफ ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं क्विज प्रतियोगिता में कक्षा 11 के अमित कुमार और शॉटपुट में विपिन पटेल ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक जीते। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर नुरूद्दीन सैफी, प्रधानाचार्या ईएन विल्सन एवं उपप्रधानाचार्य उपेंद्र राय ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र–छात्राओं की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



प्रयागराज में पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, छह एसीपी पुलिस उपायुक्त का गैरजनपद तबादला

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। पुलिस विभाग में प्रशासनिक फेरबदल के तहत प्रयागराज में तैनात छह सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) का गैरजनपद तबादला कर दिया गया है। जारी तबादला सूची के अनुसार धूमनगंज, ट्रैफिक, कर्नलगंज, सोरांव और थरवई सर्किल समेत विभिन्न जिम्मेदारियों पर तैनात अधिकारियों को नई तैनाती दी गई है।

तबादला सूची के मुताबिक रवि कुमार गुप्ता को एसीपी धूमनगंज से डीएसपी गोंडा, सुनील कुमार सिंह द्वितीय को एसीपी ट्रैफिक से डीएसपी अंबेडकरनगर, विवेक यादव को एसीपी कर्नलगंज से एसीपी लखनऊ भेजा गया है।

इसी क्रम में श्यामजीत प्रमिला सिंह को एसीपी सोरांव से डीएसपी पुलिस अकादमी मुरादाबाद, अजेन्द्र यादव को एसीपी थरवई से डीएसपी बुलंदशहर तथा अनुष्का को सहायक सेनानायक, चौथी वाहिनी पीएसी प्रयागराज से डीएसपी मुरादाबाद की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस प्रशासनिक बदलाव के बाद प्रयागराज पुलिस कमिश्नरेट के कई महत्वपूर्ण सर्किलों में नई तैनाती होगी। अधिकारियों के स्थानांतरण से स्थानीय पुलिस व्यवस्था में भी बदलाव देखने को मिलेगा। अब सभी की निगाहें नए अधिकारियों की तैनाती और उनके कार्यभार संभालने पर टिकी हैं।

सीएमपी महाविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का समापन, चार सत्रों में शोध पत्रों का हुआ वाचन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। सीएमपी महाविद्यालय के संस्कृत विभाग की ओर से आयोजित द्विदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शोध संगोष्ठी के दूसरे दिन 22 नवंबर 2026 को चार सत्रों में शोध पत्रों का वाचन किया गया। विभिन्न सत्रों की अध्यक्षता प्रो. राम बहादुर शुक्ल, प्रो. कौशल किशोर श्रीवास्तव, प्रो. जूही शुक्ला एवं योगेंद्र तिवारी ने की।



संगोष्ठी के समापन समारोह में विशिष्ट अतिथि डॉ. नारायण प्रसाद भट्टाराई ने अपने संबोधन में समाज में व्यक्ति के पदार्पण के उद्देश्य तथा विदेशी संस्कृत अनुरागियों को संस्कृत किस प्रकार आकर्षित करती है, इस विषय पर विस्तार से विचार व्यक्त किए।

मुख्य अतिथि यूनाइटेड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. ए.एम. अग्रवाल ने नवयुवकों की वर्तमान समस्याओं पर चर्चा करते हुए कहा कि शिक्षकों को इन समस्याओं को समझकर उनके निराकरण की दिशा में प्रभावी प्रयास करना चाहिए।

समारोह की अध्यक्षता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व अध्यक्ष प्रो. हरिदत्त शर्मा ने की। उन्होंने संगोष्ठी के विषय पर अपने महत्वपूर्ण विचार साझा किए। इस अवसर पर महाविद्यालय की वरिष्ठ आचार्या अर्चना खरे भी मंच पर उपस्थित रहीं।

संगोष्ठी संयोजक प्रो. सुरेंद्र पाल सिंह ने अतिथियों का वाचिक स्वागत किया। डॉ. किरन वर्मा ने संगोष्ठी की आख्या प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मनोज कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. भानु प्रकाश त्रिपाठी ने दिया। समापन समारोह में विभिन्न महाविद्यालयों के आचार्य एवं शिक्षाविद् उपस्थित रहे।

एक युवक ने फांसी लगाकर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

चार बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, मौत के कारणों का नहीं चल सका पता, पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

प्रातःकाल एक्सप्रेस

शंकरगढ़ प्रयागराज। प्रयागराज शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के बिहरिया गांव में रविवार को एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। 32 वर्षीय युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से परिवार में चीख–पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुट गई। युवक की असमय मौत से परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

मृतक की पहचान अनिल कुमार (32) पुत्र रामप्रसाद निवासी ग्राम पंचायत बिहरिया के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रविवार सुबह करीब 10 बजे युवक ने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। हालांकि, उसने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, इसकी जानकारी अभी तक सामने नहीं आ सकी है। घटना के बाद परिवार के सदस्यों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। अनिल कुमार अपने चार भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके परिवार में चार बच्चे हैं, जिनमें दो लड़के और दो लड़कियां शामिल हैं। पिता की असमय मौत से बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया है।

घटना की सूचना मिलते ही शंकरगढ़ थाना अध्यक्ष प्रीतम तिवारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं एसीपी वेदव्यास मिश्रा भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने परिजनों और आसपास के लोगों से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल की बारीकी से जांच की और आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल युवक की मौत के पीछे की वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की परिस्थितियों को लेकर स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

गांव में युवक की मौत की खबर फैलते ही मातम छा गया। ग्रामीणों के बीच घटना को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं होती रहीं। वहीं परिवार के सदस्यों का रो–रोकर बुरा हाल है। चार मासूम बच्चों और परिवार के अन्य सदस्यों के सामने भविष्य को लेकर भी चिंता खड़ी हो गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

मंडल स्तरीय युवा उत्सव में प्रयागराज का दबदबा, तीन विधाओं में प्रथम स्थान

नशामुक्त युवा ही विकसित भारत की मजबूत नींव, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से दिया जागरूकता का संदेश

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से रविवार को विकास भवन स्थित सरस सभागार में मंडल स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026–27 के तहत 'नशामुक्त युवा फॉर विकसित भारत' थीम पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रयागराज, प्रतापगढ़, कौशांबी और फतेहपुर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रयागराज की टीम ने लोकनृत्य, लोकगीत और नुक्कड़ नाटक में प्रथम स्थान हासिल कर अपना दबदबा बनाया। मुख्य अतिथि एमएलसी सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि युवा शक्ति विकसित भारत के निर्माण की सबसे बड़ी ताकत है। युवाओं को नशे से दूर रहकर मोबाइल और सोशल मीडिया का सदुपयोग करना चाहिए तथा अपनी ऊर्जा रचनात्मक कार्यों में लगानी चाहिए। प्रतियोगिताएं लोकनृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक, पेंटिंग और कविता लेखन की पांच विधाओं में हुईं। प्रयागराज की टीम ने भगवान श्रीराम पर आधारित पारंपरिक बरेंदीधबेडिया लोकनृत्य प्रस्तुत कर खूब सराहना बटोरी।

लोकनृत्य में प्रयागराज की गौरी शुक्ला, संचित्ता मिश्रा एवं टीम प्रथम, कौशांबी की खुशी साहू, रिमझिम यादव एवं टीम द्वितीय तथा प्रतापगढ़ की टीम तृतीय रही। लोकगीत में मुदित प्रताप सिंह, संस्कृति रंजन एवं टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नुक्कड़ नाटक में आदित्य मिश्रा, मुदित प्रताप सिंह एवं टीम प्रथम रही। पेंटिंग में फतेहपुर के मनु प्रथम और कविता लेखन में प्रयागराज की गुनगुन वर्मा प्रथम रहीं। कार्यक्रम में छह प्रतिभागियों को पीपीटी राउंड में भी विजेता घोषित किया गया।

आयोजन जिला युवा कल्याण अधिकारी गुलशन शर्मा



के निर्देशन में हुआ। उपनिदेशक युवा कल्याण अरविंद स्वरूप कुशवाहा सहित निर्णायक मंडल के सदस्य मौजूद रहे। समापन पर गुलशन शर्मा ने विजेताओं को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए बेहतर तैयारी करने का आह्वान किया।

आमंत्रण रेस्टोरेंट का हुआ भव्य उद्घाटन



प्रातःकाल एक्सप्रेस

परियावां। कालाकांकर विकास क्षेत्र के नवाबगंज मुरस्सापुर में रविवार को आमंत्रण रेस्टोरेंट का भव्य उद्घाटन हुआ। उद्घाटन रघुराज प्रताप उर्फ राजा भैया के छोटे पुत्र ब्रजराज प्रताप सिंह ने फीता काटकर किया। रेस्टोरेंट संचालक देवेंद्र कुमार ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर राजकुमार अग्रहरी, धर्मेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार, शारूफ खान, संजय त्रिपाठी, संदीप त्रिपाठी, अजय त्रिपाठी, गौतम कुशवाहा मौजूद रहे,गौरव अग्रहरी, आकाश अग्रहरी, कुनाल अग्रहरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। सभी ने संचालक को बधाई दी और रेस्टोरेंट की सफलता की कामना की।

गौहनिया में अनम पाली क्लीनिक पर लगा निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप, सैकड़ों मरीजों को मिला लाभ

सलीम खान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

गौहनिया। जसरा बांदा रोड स्थित अनम पाली क्लीनिक गौहनिया पर निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस दौरान मरीजों की जांच, परामर्श और दवाइयां निःशुल्क प्रदान की गईं।

कैंप में डॉक्टर अनस जावेद अंसारी एम.बी.बी.एस, एम.डी. ने मरीजों की शुगर और बीपी की जांच की। उन्होंने मरीजों को स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरी सलाह दी और आवश्यक दवाइयां भी दीं। डॉक्टर अनस ने कहा कि समय–समय पर शुगर और बीपी की जांच कराना बहुत जरूरी है, क्योंकि इन बीमारियों का समय पर पता चलने से बड़ी परेशानियों से बचा जा सकता है।

इस अवसर पर महिला चिकित्सक डॉक्टर यासमीन मामून ने भी अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने महिलाओं और बच्चों से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को सुना और उचित परामर्श दिया। वहीं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मामून ने भी मरीजों की जांच की और स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दी। कैंप में आए मरीजों को खान–पान, साफ–सफाई, नियमित व्यायाम और बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सकों ने कहा कि छोटी–छोटी सावधानियों को अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है। इस दौरान अनम पाली क्लीनिक स्टाफ की टीम भी मौजूद रही। टीम ने मरीजों के पंजीकरण, जांच और दवा वितरण में पूरी मदद की। स्टाफ के सेवाभाव और व्यवस्थित प्रबंधन की सभी मरीजों ने प्रशंसा की। मरीजों ने कहा कि गांव के पास ही इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगने से उन्हें काफी राहत मिलती है। उन्हें शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ती और समय पर इलाज मिल जाता है। क्लीनिक प्रबंधन ने बताया कि आगे भी समय–समय पर इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया जाएगा, ताकि क्षेत्र के गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें।

सरकार शासन के बल पर विपक्ष की आवाज दबा रही : अजय मुन्ना

2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जड़ से उखाड़ फेंकेगी जनता : राजकरण सिंह

प्रातःकाल एक्सप्रेस

शंकरगढ़ (प्रयागराज)। समाजवादी पार्टी के बारा विधानसभा क्षेत्र से संभावित प्रत्याशी अजय भारती उर्फ मुन्ना भैया ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार में कानून–व्यवस्था, बेरोजगारी, महिला सुरक्षा और भ्रष्टाचार जैसे मुद्दों पर स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने आरोप लगाया कि पीड़ितों को समय से न्याय नहीं मिल रहा है और विपक्ष द्वारा उठाए जा रहे सवालों को शासन के बल पर दबाया जा रहा है। सरकारी संपत्तियों को बेचे जाने, आरक्षण में पीडीए वर्ग की उपेक्षा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल संकट का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेताओं को फर्जी जांच में फंसाया जा रहा है। वहीं, सपा के शंकरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष राजकरण सिंह पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार अंग्रेजी शासन की तर्ज पर काम कर रही है। प्रशासनिक अधिकारियों का इस्तेमाल जनता की समस्याओं के समाधान के बजाय सरकार के हित में किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना उचित जांच के मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और गरीबों व दलितों की आवाज दबाई जा रही है। उन्होंने दावा किया कि जनता सरकार की नीतियों से परेशान है और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल कर देगी।

ए.एम. ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन, बच्चों ने उत्साह के साथ दिखाई प्रतिभा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रयागराज। करेली स्थित ए.एम. ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में शनिवार को वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया और खेल भावना के साथ अपनी क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता नजमुल इस्लाम जाफरी एवं विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता एवं पार्षद पति काशान सिद्दीकी रहे। उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेलों से अनुशासन, आत्मविश्वास, मेहनत और टीम भावना का



विकास होता है। उन्होंने प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों को भविष्य में भी इसी तरह मेहनत और लगन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के साथ कई अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से उपस्थित लोगों का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय प्रबंधन की ओर से बच्चों को प्रोत्साहित किया गया तथा उनकी मेहनत और सहभागिता की सराहना की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक मुश्ताक काजमी ने कहा कि पढ़ाई के साथ–साथ बच्चों के लिए खेलकूद भी बेहद जरूरी है। खेलों से बच्चों का शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है तथा उनमें सकारात्मक सोच और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। समारोह के दौरान विभिन्न कक्षाओं में खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि द्वारा मेडल देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के स्पोर्ट्स इंचार्ज मोहम्मद जमीर एवं स्पोर्ट्स कोच सुश्री चेतना शर्मा ने प्रतियोगिताओं के परिणामों की जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष वार्षिक खेलकूद समारोह में रेड हाउस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि ब्लू हाउस ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त कर उपविजेता का खिताब हासिल किया।

मीरजापुर स्थानांतरित हुए सीओ बृजमोहन राय



प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। पुलिस उपाधीक्षक एवं क्षेत्राधिकारी यातायात बृजमोहन राय का शासन ने मीरजापुर जनपद में स्थानांतरण कर दिया है। फतेहपुर में तैनाती के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण सर्किलों में जिम्मेदारी निभाई। जनसुनवाई, आमजन से संवाद और कार्यशैली को लेकर उन्होंने अपनी अलग पहचान बनाई। उनके स्थानांतरण पर स्थानीय लोगों ने कहा कि जनसेवा के प्रति समर्पित अधिकारियों को उनकी कार्यशैली और व्यवहार के लिए लंबे समय तक याद किया जाता है।

सकिपा ने मो पुर पैईशा में खोला क्षेत्रीय कार्यालय

सेक्टर स्तर पर पूरे जिले में खोले जाएंगे सकिपा कार्यालय.... अजय सोनी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। समर्थ किसान पार्टी के तत्वावधान में रविवार को सिराथू ब्लॉक के ग्राम मो पुर पैंईशा में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ



पार्टी नेता अजय सोनी ने क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विधि विधान से पूजन कर नारियल फोड़कर कार्यालय का शुभारंभ किया गया। पार्टी नेता अजय सोनी ने इस अवसर पर कहा कि सेक्टर स्तर पर पूरे जिले भर में पार्टी कार्यालय खोले जाएंगे। आगे कहा कि समर्थ किसान पार्टी किसानो, गरीबों, बेरोजगारों, श्रमिको और आम जनता के मुद्दों पर संघर्ष करने वाली ग्रामीण क्षेत्र की पार्टी है। पार्टी की विचारधारा से प्रेरित होकर तमाम लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं जिससे रोज दर रोज पार्टी मजबूत हो रही है। इसी के साथ अजय सोनी ने कहा कि जल्द ही तहसील स्तर पर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन भी किया जायेगा। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ सिराथू के अध्यक्ष श्याम लाल पाल, रोहित सोनी, अशोक साहू, राजेंद्र सोनकर, गुलाब यादव आदि मौजूद रहें।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जनपद की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में विशेष कैम्प का आयोजन, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता दिनांक 01.01.2027 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद की समस्त 03 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों यथा 251–सिराथू, 252–मंझनपुर (अ0जा0) एवं 253–चायल में विशेष अभियान दिवस आज दिनांक 22.11.2026 (रविवार) को विशेष कैम्प का आयोजन किया गया है। बी.एल.ओ. द्वारा मतदेय स्थलो पर आयोजित कराये जा रहे कैम्प का निरीक्षण जनपद के तीनों निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियो द्वारा किया गया है।

मार्ग दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत, कोहराम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। मार्ग दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मच गया। घटना को लेकर मृतक के भाई ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ तहरीर दी है। लालगंज कोतवाली के अर्जुनपुर निवासी जीतलाल सरोज पुत्र लक्ष्मण सरोज ने पुलिस को गई तहरीर में कहा है कि बीती तेरह नवम्बर की शाम करीब साढ़े पांच बजे उसका भाई बावन वर्षीय हरीलाल सरोज घर से पैदल रानीगंज कैथौला बाजार जा रहा था। रास्ते में पीछे से अज्ञात बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक तेज गति से वाहन चलते हुये टक्कर मार दी। इलाज के दौरान बीती बाईस नवम्बर को हरीलाल की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। मृतक के तीन पुत्री व दो पुत्र है। मौत की जानकारी होने पर परिवार में कोहराम मचा है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

सामूहिक मानस पाठ के बाद भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। सामूहिक श्रीरामचरितमानस पाठ व हवन पूजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुये। मानस पाठ के पश्चात आयोजित भण्डारे में जुटे श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर स्थित जंगली वीर बाबा मंदिर में शानिवार की शाम सामूहिक रामचरितमानस पाठ का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने मानस पाठ कर हवन पूजन किया और मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम से सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। वहीं मानस पाठ व हवन पूजन के पश्चात आयोजित भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भजन संकीर्तन में भी श्रद्धालु भगवान श्रीराम की भक्ति में रमे दिखे। कार्यक्रम का संयोजन संयुक्त रूप से शिवप्रसाद यादव, शिवकुमार गुप्ता व जमुना प्रसाद तिवारी ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन संतोष द्विवेदी, दीपक तिवारी, प्रदीप तिवारी, सुनील तिवारी, अनिल तिवारी महेश, ज्ञान प्रकाश शुक्ल, कान्हा शुक्ल आदि मौजूद रहे।

सपा कार्यालय में मनाई गई मुलायम सिंह यादव और वीरांगना झलकारी बाई की जयंती

नेताजी के विचारों पर हुई गोष्ठी, किसानों, पिछड़ों, दलितों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्ष को किया याद

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री पद्म विभूषण श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव तथा वीरांगना झलकारी बाई की जयंती रविवार को जिला सपा कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर दोनों महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद नेताजी के विचारों और उनके राजनीतिक जीवन पर गोष्ठी आयोजित हुई।



कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने की, जबकि संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया। गोष्ठी में वक्ताओं ने मुलायम सिंह यादव के संघर्षपूर्ण राजनीतिक जीवन और जनहित से जुड़े उनके विचारों पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि नेताजी ने जीवनभर गैरबराबरी के खिलाफ आवाज उठाई और किसानों, गरीबों, नौजवानों, छात्रों, महिलाओं, पिछड़ों, दलितों तथा अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई लड़ी। देश के शहीदों के सम्मान और उनके पार्थिव शरीर को पूरे राजकीय सम्मान के साथ घर पहुंचाने जैसे मुद्दों पर भी उन्होंने मुखर होकर अपनी बात रखी। वक्ताओं ने वीरांगना झलकारी बाई के अदम्य साहस, वीरता और देशभक्ति को याद करते हुए उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। जनपद की सभी विधानसभा क्षेत्रों सहित जिला मुख्यालय पर भी जयंती कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस मौके पर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, पूर्व एमएलसी लवकुश मिश्रा, चेयरमैन राजकुमार मौर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष रामशरण यादव, वीरेंद्र यादव, दलजीत निषाद, विपिन यादव, एडवोकेट जगदीश सिंह, राम कृपाल सोनकर, राजेंद्र वर्मा, देवेंद्र लोधी, केतकी यादव, बीना पटेल, आरती बघेल, कपिल यादव, शनि लोधी, हीरालाल साहू, गार्गदीन बाजपेई, इंद्रसेन यादव, रोहित उमराव, गणेश वर्मा, कालिका प्रसाद, केपी यादव, डीजी कुशवाहा, रईस खान, सुहैल खान, रिशु तिवारी, आजम खान, एडवोकेट संदीप श्रीमाली, डॉ. अमित पाल, ज्ञान सिंह, अरुणेश पांडेय, महेंद्र निषाद सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, राज ताइक्वांडो एकेडमी बनी विजेता

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ फतेहपुर के तत्वावधान में डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल में द्वितीय ताइक्वांडो कप राज्य स्तरीय चौंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि महिला इंस्पेक्टर संगीता सिंह और एसआई आशा पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।



प्रतियोगिता में प्रयागराज, कौशांबी, बांदा, डलमऊ, रायबरेली, आगरा, झांसी, वाराणसी और कानपुर सहित 11 जनपदों की टीमों ने प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने विभिन्न मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में राज ताइक्वांडो एकेडमी ने प्रथम ट्रॉफी हासिल की, जबकि बचपन ताइक्वांडो क्लब दूसरे और डलमऊ एकेडमी तीसरे स्थान पर रही। एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. वीरेंद्र स्वरूप पब्लिक स्कूल के सहयोग से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित करना गौरव की बात है। उन्होंने आगामी वर्ष 25 जनपदों की सहभागिता के साथ प्रतियोगिता आयोजित कराने का संकल्प भी जताया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संजीव पटेल, प्रधानाचार्य सीमा बाजपेई, चेयरमैन जीपी मिश्रा, अनुराग श्रीवास्तव, प्रसून तिवारी, प्रखर शुक्ला, सचिव राजकुमार, राहुल मिश्रा, ऋचा राजपूत और तनुज बाजपेई सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भटवरिया में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के खिलाफ जनाक्रोश

बिना काम सरकारी धन गबन का आरोप, लामबंद ग्रामीणों ने जिम्मेदारों पर उठाए सवाल, कार्रवाई की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

कौशाम्बी।कौशाम्बी ब्लॉक के भटवरिया गांव में विकास कार्यों में भारी भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि कागजों में विकास कार्य पूरे दिखा दिए गए, लेकिन धरातल पर काम या तो अधूरा है या हुआ ही नहीं। इसके बावजूद सरकारी धन निकाल लिए जाने का आरोप लगाया जा रहा है।

कौशाम्बी विकास खंड के भटवरिया ग्राम सभा में विकास कार्यों में हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्रामीण लामबंद हैं। ग्रामीणों ने बाकायदा ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के नाम पर विभिन्न मद से निकाली गई धनराशि का सजरा भी निकाल लिया है। शेष नारायण यादव ने बताया कि ग्राम सभा में नाली, इंटरलॉकिंग आदि विकास कार्यों के लिए धन आवंटित हुआ था। लेकिन कई जगहों पर काम आधा–अधूरा छोड़ दिया गया, या फिर काम शुरू ही नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना काम कराए ही जिम्मेदारों द्वारा भुगतान करा लिया गया।



इसको लेकर रविवार को गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकजुट हुए और जिम्मेदारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों ने कहा कि विकास के नाम पर जनता के पैसे का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी समेत उच्चाधिकारियों को आईजीआरएस के माध्यम से शिकायती पत्र देकर गांव में हुए भ्रष्टाचार की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।ग्रामीणों की मांग है कि गांव में हुए सभी विकास कार्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए, अधूरे कार्यों को जल्द पूरा कराया जाए और भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान गांव के संजय पाल राजेश पाल पप्पू पाल रमेश पाल भानु पाल चंद्रपाल यादव हरिलाल सरोज धर्मवीर यादव सुरेश सरोज भल्लू अनिल धोबी, हर्ष नारायण यादव आदि लोग मौजूद रहे।

कुश्ती भारतीय शौर्य की चमक - प्रमोद तिवारी

सेमरा के राज्यस्तरीय दंगल में मो. असलम को मिला चौम्पियन का खिताब, सांसद ने विजेता पहलवानों को दिया ईनाम

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। अठेहा के समीप सेमरा में सालाना अर्न्तराज्यीय दंगल प्रतियोगिता में नामी गिरामी पहलवानों के दाँव पेंच दिखे। इस साल मेरठ के मो. असलम को एक लाख इक्तीस हजार की ईनामी चौम्पियनशिप हाथ लगी। विजेता असलम ने गोरखपुर के रंजीत पहलवान को पटखनी दी। इक्यावन हजार की भी रोमांचक कुश्ती अयोध्या के बजरंगी पहलवान तथा वाराणसी के रवीन्द्र के बीच हुयी। भारी कसमकस के बीच अयोध्या के बजरंगी बाबा ने ईनामिया कुश्ती फतेह कर ली। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने विजेता पहलवानों को ईनाम बाँटे। सांसद प्रमोद ने दूरदराज जिलों से आये पहलवानों के साथ स्थानीय कुश्तीबाजों को स्वयं तथा विधायक आराधना मिश्रा मोना की तरफ से ईनाम दिये। उन्होने कहा कि कुश्ती भारतीय खेल जगत की सर्वश्रेष्ठ पहचान है। उन्होने कहा कि कुश्ती भारत के शौर्य की चमक है। सांसद प्रमोद तिवारी ने विधायक मोना के प्रयास से मंगापुर में स्वीकृत खेल स्टेडियम को खेल स्पर्धा की बड़ी उपलब्धि कहा। आयोजक अनवारुल हसन, लव सिंह ने सांसद प्रमोद तिवारी को आयोजन समिति की ओर से सम्मानित किया। अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बबलू व संचालन रियाजुल हसन ने किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, बृजेश यादव, राम मिलन गुप्ता, एहसान उल हसन, राजपति सिंह, रोहित सिंह, डा० अमिताभ शुक्ल, दृगपाल यादव, राम कृपाल पासी, राजू मिश्रा, रोहित सिंह, इरफान, जितेन्द्र कनौजिया, संजय बघेल आदि रहे।



जमीन विवाद में मारपीट व फायरिंग में दो घायल

घटना को लेकर एक पक्ष ने करीब तीन दर्जन लोगों के खिलाफ दी तहरीर

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। जमीन विवाद में हुई मारपीट की घटना में एक पक्ष के दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायल पक्ष ने पुलिस को तहरीर देते हुये विपक्षी पर अवैध तमंचे से फायरिंग करते हुये जानलेवा धमकी का भी आरोप लगाया है। घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने फायरिंग की घटना से इंकार किया है। उदयपुर थाना क्षेत्र के जरियारी गांव में रविवार को दोपहर अर्जुन यादव का विपक्षी फतेह मोहम्मद आदि से जमीन को लेकर विवाद होने लगा। अर्जुन यादव पक्ष से देवराज यादव पुत्र रामकिशुन निवासी पूरे चौहान जरियारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दोपहर करीब बारह बजे अर्जुन यादव पुत्र हरिश्चन्द्र अपने बैनामे की जमीन पर जोताई कर रहा था। आरोप है कि इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी फतेह मोहम्मद पुत्र वसीर समेत दर्जन भर ज्ञात व करीब बीस–पचीस अज्ञात के साथ एकराय होकर हाथ में धारदार हथियार लिये वहा पहुंचे। आरोपीगण हमलावार होकर अर्जुन यादव व मनोज यादव को मारने पीटने लगे। शोर शराबा सुनकर गांव के लोग पहुंचे और बीच बचाव किया। गम्भीर चोट लगने से अर्जुन यादव मौके पर बेहोश हो गया। विपक्षीगण गाली देते व अवैध तमंचे से फायरिंग करते जानलेवा धमकी देते चले गये।

विशेष अभियान दिवस पर बूथों का निरीक्षण, मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही न बरतने के निर्देश

डीएम ने जीआईसी और नागा निरंकारी बालिका इंटर कॉलेज के बूथों पर पहुंचकर बीएलओ से ली कार्यो की जानकारी

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान–2027 के तहत रविवार को विशेष अभियान दिवस पर जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने शहर के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथों पर पहुंचकर मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यों की प्रगति परखी और संबंधित बीएलओ से दावे–आपत्तियों तथा नए मतदाताओं के पंजीकरण की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) स्थित बूथ संख्या 37 से 42 तक तथा श्री नागा निरंकारी बालिका इंटर कॉलेज स्थित बूथ संख्या 65 से 68 तक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची में नए नाम जोड़ने, अपात्र नामों को हटाने और त्रुटियों में संशोधन के लिए प्राप्त आवेदनों की स्थिति जानी। उन्होंने निर्देश दिए कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों के अनुसार सभी पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में शामिल किए जाएं। विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का पंजीकरण प्राथमिकता से कराया जाए। प्राप्त दावे एवं आपत्तियों का नियमानुसार समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने कहा कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज होने से वंचित नहीं रहना चाहिए। इसके लिए बीएलओ पूरी जिम्मेदारी और सजगता से कार्य करें। उन्होंने आम नागरिकों से भी मतदाता सूची में अपना नाम जांचने तथा नाम छूटने या किसी प्रकार की त्रुटि होने पर निर्धारित प्रपत्र के माध्यम से आवेदन करने की अपील की।



एनएच-19 पर भीषण सड़क हादसा... डबल डेकर बस ट्रक में पीछे से टकराई, दो की मौत, 10-15 यात्री घायल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

फतेहपुर। एनएच–19 हाईवे पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 10 से 15 यात्री घायल हो गए। हादसा कानपुर–प्रयागराज लेन पर खागा के निकट सुजानीपुर मोड़ के पास उस समय हुआ, जब दिल्ली की ओर से आ रही एक फुली एसी डबल डेकर बस आगे चल रहे आलू लदे ट्रक में पीछे से जा भिड़ी। दुर्घटना के बाद मौके पर चीख–पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और राहत–बचाव दल मौके पर



पहुंच गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवारध्रविवार रात्रि करीब 2रू50 बजे ट्रक संख्या आरजे 14– जीएन 8053 आलू लादकर कानपुर से प्रयागराज की ओर जा रहा था। इसी दौरान दिल्ली की ओर से आ रही इंटरसिटी स्मार्ट बस कंपनी की डबल डेकर बस संख्या यूपी 53– एमटी 6614 ने सुजानीपुर मोड़ के पास ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस में सवार कई यात्री घायल हो गए। हादसे में बस के चालक कंडक्टर आशीष कुमार (31) पुत्र सुधीर निवासी करावल नगर, नॉर्थ ईस्ट दिल्ली तथा यात्री आशीष गुप्ता (34) पुत्र श्याम सुंदर गुप्ता निवासी सुल्तानपुर घोष, थाना सुल्तानपुर घोष की मौत हो गई। वहीं, करीब 10 से 15 अन्य यात्री घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरदो भेजा गया, जबकि दोनों मृतकों के शव एनएचएआई एंबुलेंस से सदर अस्पताल फतेहपुर की मोर्चरी में भेजे गए। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस और एनएचएआई की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटाने के लिए एनएचएआई की क्रेन लगाई गई। साथ ही यातायात व्यवस्था को सामान्य कराने का प्रयास किया गया। पुलिस के अनुसार, मौके पर कानून–व्यवस्था की कोई समस्या नहीं रही। हालांकि इस हादसे के बाद हाईवे पर कुछ समय के लिए अफरा–तफरी का माहौल बना रहा। फिलहाल स्थानीय पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है। वहीं हादसे में दो लोगों की मौत से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है भागवत कथा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

प्रतापगढ़। विकास खण्ड लक्ष्मणपुर क्षेत्र के कटरा छत्रधारी दूल्हेपुर में श्रीमदभागवत कथा विश्राम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखी। कथा व्यास रामकृष्ण दास ने बताया कि कलियुग में श्रीमदभागवत कथा श्रवण से मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। कथाव्यास ने बताया कि भागवत कथा मनुष्य को धर्म, सत्य व भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है। श्रीमदभागवत पुराण केवल एक धार्मिक ग्रन्थ ही नहीं, बल्कि यह मानव जीवन में सही मार्गदर्शक भी है। उन्होंने बताया कि श्रीमदभागवत कथा के श्रवण से मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। मुख्य आयोजक पं. रामसेवक त्रिपाठी व सुशीला देवी ने व्यासपीठ का पूजन किया। इस मौके पर डा. सच्चिदानन्द त्रिपाठी, हरिकेश त्रिपाठी, पवन शुक्ल, नवनीति, सुशील त्रिपाठी, सत्यराज सरोज, शिवशंकर तिवारी आदि मौजूद रहे।

पुरानी रंजिश में युवक की धारदार हथियार से हत्या

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के बिरसापुर गांव में पुरानी रंजिश के चलते 33 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना शनिवार की रात करीब आठ से नौ बजे के बीच की है। बिरसापुर गांव निवासी प्रमोद दुबे और उनके पट्टीदार अतुल दुबे के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि प्रमोद दुबे, आयुष दुबे, उमाशंकर दुबे और ऊषा देवी ने मिलकर अतुल दुबे पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में अतुल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पीआरवी और कोतवाली देहात पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी सिटी योगेंद्र सिंह, सीओ सदर जटाशंकर मिश्रा, कोतवाली देहात प्रभारी भरत उपाध्याय और कोतवाली शहर प्रभारी दयाशंकर ओझा दल-बल के साथ जिला अस्पताल पहुंचे। वारदात के बाद पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। पुलिस आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए मनोज जायसवाल ने किया जागरूक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर। पूर्व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने रविवार को नगर विधानसभा क्षेत्र के गणेशगंज वार्ड स्थित आदर्श बालिका इंटर कॉलेज में विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान



के अंतर्गत बूथ संख्या 299, 300, 301 एवं 302 का भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने बीएलओ के साथ मिलकर मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए फार्म भरवाने का कार्य किया। साथ ही घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और लोगों को मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवा एवं ऐसे पात्र नागरिक, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हो पाया है, वे फार्म-6 भरकर अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं।

मनोज जायसवाल ने सभी पात्र नागरिकों से अपील की कि वे विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें और मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं, ताकि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रहे।

इस अवसर पर पूर्व जिला मंत्री प्रीतम केशरवानी , अशोक सोनी , अमरेश सोनकर, शक्ति केंद्र संयोजक बालकृष्ण सोनी एवं बंटी सोनकर जी उपस्थित रहे।

भदोही में पुलिस ने महिलाओं को अधिकारों की जानकारी दी

मिशन शक्ति अभियान के तहत सुरक्षा उपाय, सरकारी योजनाएं और हेल्पलाइन नंबर बताए

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। भदोही जिले में मिशन शक्ति अभियान फेज 6.0 के तहत पुलिस ने महिलाओं और बालिकाओं को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। अभियान जिले के बाजारों, स्कूल-कॉलेजों के आसपास और सार्वजनिक



जगहों पर चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल की निगरानी में सभी थानों की एंटी रोमियो टीमों, महिला बीट अधिकारियों और चौकी पुलिस ने अभियान चलाया। टीमों ने कोचिंग और लाइब्रेरी के आसपास भी लोगों से संपर्क किया।

पुलिस टीमों ने महिलाओं और बालिकाओं से बातचीत की। उन्हें छेड़छाड़, फब्तियां कसने, उत्पीड़न और साइबर अपराधों से बचाव के तरीके बताए। पुलिसकर्मियों ने कहा कि वे बिना डर या संकोच के अपनी बात साझा कर सकती हैं।

अभियान में उत्तर प्रदेश सरकार की महिला सशक्तीकरण योजनाओं, पॉक्सो एक्ट, महिला अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। आपात स्थिति में मदद के लिए 1090 (वीमेन पावर लाइन), 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा), 181 (महिला हेल्पलाइन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) के इस्तेमाल का तरीका भी बताया गया। पुलिस ने जागरूकता पर्चे बांटे।

प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष ने माँ विंध्यवासिनी बायोडायवर्सिटी पार्क का किया निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । उत्तर प्रदेश वन विभाग के प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी, आई०एफ०एस० तथा अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, योजना एवं कृषि वानिकी दीपक कुमार, आई०एफ०एस०, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, आई०टी० एन० रवीन्द्रा, आई०एफ०एस० द्वारा आज मीरजापुर वन प्रभाग के विंढमफाल रेंज में स्थित माँ विंध्यवासिनी बायोडायवर्सिटी पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पार्क में कराये जा रहे विभिन्न कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया तथा कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष द्वारा मड़िहान रेंज स्थित सरसो रेस्ट हाउस के जीर्णोद्धार कार्यों का अनावरण भी किया गया। जीर्णोद्धार से संबंधित कार्यों की सराहना करते हुए वन विभागीय परिसंपत्तियों के समुचित रख-रखाव एवं बेहतर उपयोग पर बल दिया गया।

तत्पश्चात प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं विभागाध्यक्ष द्वारा मीरजापुर वन प्रभाग के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में कराये गये वृक्षारोपण कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गयी। समीक्षा के दौरान पौधों की जीवितता, सुरक्षा, सिंचाई एवं रख-रखाव की स्थिति की जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही वृक्षारोपण स्थलों का नियमित अनुश्रवण करते हुए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन



के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।

निरीक्षण एवं समीक्षा के दौरान सुशांत शर्मा, आई०एफ०एस०, मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर, राकेश कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी, मीरजापुर, उप प्रभागीय वनाधिकारी, चुनार एवं मीरजापुर सहित वन प्रभाग के समस्त क्षेत्रीय वनाधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

सपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने मनाई स्व0 मुलायम सिंह यादव का 88वीं जयंती

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मीरजापुर । समाजवादी पार्टी के संस्थापक, पूर्व रक्षा मंत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री श्रद्धेय स्व0 मुलायम सिंह यादव की 88वीं जयंती समारोह बड़े ही धूमधाम से समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट पर मनाया गया।

इस अवसर पर मण्डलीय अस्पताल में फल वितरण व रक्तदान शिविर के अलावा भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 2000 लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। रक्तदान देने वालो में राममिलन यादव व राहुल यादव, ओपी यादव आदि शामिल है।

इस मौके पर आयोजित गोष्ठी और सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगीत गायको ने नेताजी पर कई गीत गाये। इस मौके पर उपस्थित नेताओ व पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर



माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके जीवन और संघर्ष को याद किया गया।

इस अवसर पर कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अशोक यादव ने कहा कि स्व0 मुलायम सिंह यादव का जन्म वर्ष 1939 में इटावा जिले के सैफई गांव में हुआ था। उन्होंने वर्ष 1967 में जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र से अपना पहला चुनाव जीता था। अपने लंबे राजनीतिक जीवन में वे 10 बार विधायक और 7 बार लोकसभा सांसद निर्वाचित हुए। मुलायम सिंह यादव तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहे। उनका जीवन सादगी, संघर्ष और जनसेवा की मिसाल था। डॉ. राममनोहर लोहिया के मार्गदर्शन में राजनीति की शुरुआत करते हुए उन्होंने जनता की आवाज को सड़क से लेकर संसद तक मजबूती से रखा।

जयंती कार्यक्रम में पूर्व मंत्री कैलाश चौरसिया, जगतम्बा सिंह पटेल, आशीष यादव, मुन्नी यादव, सुरेन्द्र सिंह पटेल, परवेज खान, राजेश भारती, रोहित शुक्ला, रविन्द्र बहादुर पटेल, दामोदर प्रसाद मौर्या, सतीश मिश्रा, संतोष गोयल, डा0 ज्योति बिन्द, सुरेश सिंह पटेल जयंती मनाए जाने के लिए आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय ज्ञानपुर में नौनिहालों को पिलाई पोलियो की दो बूंद जिंदगी की

प्रातःकाल एक्सप्रेस

भदोही। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के विशेष बूथ दिवस के अवसर पर रविवार को महाराजा चेतसिंह जिला चिकित्सालय, ज्ञानपुर में जिलाधिकारी अनिल कुमार सिंह ने 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की दो बूंद जिंदगी की पिलाकर अभियान का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो जैसी गंभीर एवं दिव्यांगता उत्पन्न करने वाली बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। अभियान का उद्देश्य जनपद के प्रत्येक पात्र बच्चे तक पोलियो की खुराक पहुंचाना है।

जिलाधिकारी ने जनपदवासियों एवं अभिभावकों से अपील की कि पांच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो की खुराक पीने से वंचित न रहने पाए। उन्होंने कहा कि अभिभावक अपने बच्चों को प्रत्येक चरण में पोलियो की खुराक अवश्य पिलाएं तथा स्वास्थ्य विभाग की टीमों को पूरा सहयोग प्रदान करें। भारत वर्ष 2014 से पोलियो मुक्त है। इस उपलब्धि को बरकरार रखने के लिए जरूरी है कि प्रत्येक अभियान में शत-प्रतिशत बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई जाए।

जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में अभियान के अंतर्गत



लगभग 2,72,022 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। विशेष बूथ दिवस पर जनपद के 633 पोलियो बूथों के माध्यम से बच्चों को पोलियोरोधी खुराक पिलाई जा रही है। अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए पर्याप्त संख्या में स्वास्थ्य कर्मियों के साथ 457 सुपरवाइजरों की तैनाती की गई है, जो अभियान की निरंतर निगरानी कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 22 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक स्वास्थ्य विभाग की टीमें घर-घर जाकर उन बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाएंगी, जो किसी कारणवश बूथों तक नहीं पहुंच सके। इसके अतिरिक्त विशेष बी-टीम अभियान के माध्यम से भी छूटे हुए बच्चों को आच्छादित किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र बच्चा पोलियोरोधी खुराक से वंचित न रह जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि पोलियो उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनसहभागिता से जुड़ा एक महत्वपूर्ण जनआंदोलन है। इसमें जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों, आशा बहुओं, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजन की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि अपने आसपास पांच वर्ष तक के किसी भी बच्चे को पोलियो की खुराक पीने से छूटा हुआ देखें तो तत्काल स्वास्थ्य विभाग की टीम को सूचित करें और घर-घर पहुंचने वाली टीमों का सहयोग करें।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ओ.पी. शुक्ला, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियां, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

प्रबोधिनी एकादशी पर काशी की प्राचीन धार्मिक धरोहर को सहेजने की अनूठी पहल

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। प्रबोधिनी एकादशी के पावन पर्व पर काशी के मणिकर्णिका घाट में धार्मिक आस्था और विरासत संरक्षण का विशेष आयोजन हुआ। श्री विष्णु चरण पादुका मणिकर्णिका सेवा



समिति की ओर से यहां स्थित प्राचीन श्री विष्णु चरण पादुका को चांदी से रजत जड़ित कर संरक्षित किया गया। इस दौरान विधिवत पूजन-अर्चन के साथ भगवान विष्णु से विश्व कल्याण की प्रार्थना की गई। कार्यक्रम में विवेक शुक्ला ने कहा कि काशी की प्राचीन धार्मिक धरोहरें हमारी सनातन संस्कृति और आस्था की पहचान हैं। इनका संरक्षण करना प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। ऐसे प्रयासों से धार्मिक परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सकता है। इस अवसर पर पंडित देवेन्द्र नाथ शुक्ल, पंडित मनीष नंदन मिश्र, पंडित विवेक शुक्ल, पंडित वीरेन्द्र शुक्ला, पंडित जयेंद्र नाथ, एसके खन्ना, दिलीप सिंह, सुनील शुक्ल, श्रीकांत पाण्डेय, संतोष तिवारी, अभिषेक शुक्ल, साकेत नंदन मिश्र, आशुतोष शुक्ल और काशी विद्वत सभा के अजय शर्मा सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। श्रद्धालुओं ने दर्शन-पूजन कर धार्मिक धरोहरों के संरक्षण का संकल्प लिया।

विश्व हिन्दू महासंघ का काशी में शक्ति प्रदर्शन, श्रीराम जनजागृति यात्रा में जुटेंगे सैकड़ों वाहन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। विश्व हिन्दू महासंघ, उत्तर प्रदेश का दो दिवसीय प्रांतीय सम्मेलन 28 और 29 नवंबर को वाराणसी में आयोजित होगा। रविवार को गणेश महल में पत्रकार वार्ता कर पदाधिकारियों



ने कार्यक्रम की जानकारी दी। बताया गया कि 28 नवंबर को सुबह आठ बजे बाबा कालभैरव मंदिर और नौ बजे श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन होगा। शाम चार बजे सामने घाट स्थित परमहंस आश्रम से दीप सिंह द्वार तक विशाल श्रीराम जनजागृति यात्रा निकाली जाएगी। इसमें रथ, आकर्षक झांकियों और 150 से अधिक चार पहिया वाहनों की सहभागिता रहेगी। शाम सात बजे मां गंगा की आरती होगी। 29 नवंबर को भी गंगा आरती आयोजित होगी तथा 30 नवंबर को शाम पांच बजे सम्मेलन का समापन किया जाएगा। प्रेस वार्ता में रघुवीर सिंह, डॉ. कृष्ण नाथ पांडेय, मिथुन चक्रवर्ती, विपिन चन्द्र पांडेय सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे। व्यवस्थापक मिथुन चन्द्र डे ने काशीवासियों से सहभागिता की अपील की।

प्रयागराज से बनारस तक गूंजी 'हम' पार्टी की चुनावी तैयारी, यूपी की 125 सीटों पर उतारने की रणनीति

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। प्रयागराज प्रवास के दौरान हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के प्रदेश अध्यक्ष रघु मिश्रा ने पत्रकार वार्ता में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर पार्टी की रणनीति साझा की। वाराणसी के संवाददाता से बातचीत में उन्होंने बताया कि पार्टी राष्ट्रीय संरक्षक जीतन राम मांझी और राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार सुमन के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश की 125 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि शोषित, वंचित, गरीबों और स्वर्ण समाज सहित सर्वसमाज के अधिकारों की रक्षा पार्टी का संकल्प है। भारत की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता को मजबूत करना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है। उन्होंने आरक्षण व्यवस्था की समीक्षा, ईडब्ल्यूएस को पूरा लाभ, यूजीसी कानून में संशोधन और स्वर्ण आयोग के गठन की मांग उठाई। प्रदेश के सभी 75 जिलों में संगठन विस्तार और ग्रामीण चौपाल के माध्यम से जनसमस्याएं उठाने की जानकारी भी दी। प्रयागराज में उन्होंने मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी की माता के निधन पर शोक जताया तथा इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों से मुलाकात की।

ब्रिज प्रतियोगिता में अमर बोस की टीम ने लहराया जीत का परचम, नागपुर की टीम को फाइनल में दी शिकस्त

प्रातःकाल एक्सप्रेस

वाराणसी। भोपाल के अरेरा क्लब में 20 से 22 नवंबर तक



आयोजित अखिल भारतीय अंतर क्लब ब्रिज प्रतियोगिता में अमर बोस की टीम जुथिका ने शानदार जीत दर्ज कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में टीम जुथिका ने नागपुर की टीम प्ले वेल को 40-26 अंकों से हराकर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया।ब्रिज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेला जाने वाला बौद्धिक खेल है। शतरंज की तरह इसमें भी रणनीति, एकाग्रता और दिमागी कौशल की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ताश के पत्तों से खेले जाने वाले इस खेल को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार भी प्रयासरत है। देश के विभिन्न स्थानों पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए कोचिंग की व्यवस्था की जा रही है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए रेलवे, आयकर और वाणिज्य कर सहित विभिन्न सरकारी विभागों में खेल कोटे से नौकरी के अवसर भी दिए जा रहे हैं। इस वर्ष करीब 20 खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी मिली है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक फिरदौस फातिमा द्वारा 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 79-ए-मोतीलाल नेहरू रोड, जिला-प्रयागराज -211002, (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक

फिरदौस फातिमा

मो.9451721210

UPHIN/2015/61843

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद जनपद न्यायालय इलाहाबाद, जिला प्रयागराज के अधीन होंगे।

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर भावुक हुए अखिलेश, पिता से मिलीं जीवन की दो बड़ी सीख की चर्चा



लखनऊ, संवाददाता। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर उनके बेटे और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें भावुक होकर याद किया। अखिलेश ने अपने पिता के विचारों, सिद्धांतों और जीवन से मिली सीख को साझा करते हुए समाजवादी मूल्यों को अपनाने का संकल्प दोहराया। उन्होंने कहा कि नेताजी ने जीवन में जो मानवीय और व्यावहारिक मूल्य सिखाए, उन्हें केवल विचारों तक सीमित नहीं रखना चाहिए, बल्कि रोजमर्रा के व्यवहार में भी उतारना चाहिए। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने संदेश में मुलायम सिंह यादव को नमन किया। उन्होंने कहा कि पिता के जीवन और व्यक्तित्व से मिली सीख आज भी उनके लिए मार्गदर्शक है। इस मौके पर उन्होंने खास तौर पर दो ऐसी बातें साझा कीं, जिन्हें वे जीवन में हमेशा अपनाना जरूरी मानते हैं। अखिलेश यादव ने नेताजी से मिली पहली महत्वपूर्ण सीख का जिक्र करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के मुश्किल समय में उसके साथ खड़ा होना सबसे बड़ी मानवीय संवेदनाओं में से एक है। उनके मुताबिक, जो व्यक्ति उम्मीद लेकर मदद मांगने आए, उसकी यथासंभव सहायता करनी चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इंसान की पहचान केवल उसके अच्छे समय में साथ देने से नहीं होती, बल्कि असली संवेदनशीलता तब दिखाई देती है, जब कोई परेशानी में हो। ऐसे समय में जरूरतमंद की मदद करना और उसे अकेला न छोड़ना ही मानवीय मूल्यों का वास्तविक अर्थ है। अखिलेश के इस संदेश को मुलायम सिंह यादव के सार्वजनिक जीवन और समाजवादी राजनीति से जुड़े मूल्यों की याद के तौर पर देखा जा रहा है। नेताजी ने अपने लंबे राजनीतिक सफर में आम लोगों, किसानों और कमजोर वर्गों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता दी थी। अखिलेश यादव ने पिता से मिली दूसरी सीख का उल्लेख करते हुए कहा कि परिस्थितियों, गलतफहमियों या किसी दबाव के कारण कोई व्यक्ति कभी आपके खिलाफ हो सकता है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह हमेशा गलत ही रहेगा या उससे रिश्ते सुधारने की कोई गुंजाइश नहीं बची है। उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति सच्चे मन और निस्वार्थ भाव से संबंध सुधारने की पहल करता है, तो उसके बढ़े हुए हाथ को थामने में संकोच नहीं करना चाहिए। रिश्तों में संवाद, उदारता और आपसी समझ के लिए हमेशा जगह बनाए रखनी चाहिए। मुलायम सिंह यादव की जयंती पर अखिलेश का संदेश केवल अपने पिता को याद करने तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने उनके विचारों और समाजवादी सिद्धांतों को और दृढ़ता से आत्मसात करने की बात कही। उनके संदेश में जरूरतमंदों की मदद, मानवीय संवेदना और आपसी रिश्तों को महत्व देने पर जोर दिखाई दिया। अखिलेश के मुताबिक, नेताजी से मिली ये दोनों सीख जीवन के हर क्षेत्र में अपनाई जानी चाहिए। यही उनके प्रति सच्चा सम्मान और उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण तरीका है।

राजनाथ सिंह की छात्रों को नसीहत, डिग्री नहीं, कौशल से बनेगी पहचान, रुचि के अनुसार चुनें करियर

लखनऊ, संवाददाता। छात्रों को अपनी रुचि और क्षमता के अनुसार करियर चुनने का सुझाव देते हुये रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि डिग्री उन्हें पहली नौकरी दिलाने में मदद कर सकती है, लेकिन उनकी पहचान और करियर में तरक्की उनके कौशल, पेशेवर ज्ञान और क्षमता से तय होती है। सिंह ने यहां बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को खुद को केवल उसी क्षेत्र तक सीमित नहीं रखना चाहिए, जिसमें उन्होंने डिग्री हासिल की है। उन्होंने कहा, आपकी डिग्री आपकी योग्यता है, न कि आपकी पहचान। छात्रों को अपनी रुचि पहचानकर अपना रास्ता खुद बनाने की सलाह देते हुए उन्होंने कहा कि जीवन में नए रास्ते बनाने और उन पर अकेले चलने से भी नहीं हिचकिचाना चाहिए। फिल्म निर्माता रंजीत और भारत की श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन का उदाहरण देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि उनकी जीवन यात्रा बताती है कि लोग अपनी पढ़ाई के क्षेत्र से अलग काम करके भी बड़ी सफलता हासिल कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि रंजीत ने अर्थशास्त्र की पढ़ाई की थी, जबकि कुरियन ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की थी। बाद में कुरियन ने भारत में श्वेत क्रांति का नेतृत्व किया और अमूल जैसी संस्थाओं के माध्यम से सहकारी आंदोलन को मजबूत किया। सिंह ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसी नई तकनीकें काम करने के तरीकों को तेजी से बदल रही हैं, जिन कामों को पूरा करने में पहले कई घंटे लगते थे, वे अब कुछ मिनटों या सेकंडों में किए जा सकते हैं। संसद के निचले सदन में लखनऊ का प्रतिनिधित्व करने वाले सिंह ने कहा कि इससे नए अवसर पैदा होंगे, लेकिन साथ ही नए कौशल सीखने की जरूरत भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि क्षमता से आत्मविश्वास बढ़ता है और युवाओं को चुनौतियों का सामना करने में मदद मिलती है। सिंह ने कहा, आपकी परिस्थितियां आपका भविष्य तय नहीं करतीं, बल्कि आपके प्रयास आपका भविष्य तय करते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत के विकास और दुनिया का मार्गदर्शन करने की उसकी क्षमता के लिए देश की सीमाओं की सुरक्षा जरूरी है। जब देश की सीमाएं सुरक्षित होंगी, तभी भारत एक उन्नत और विकसित राष्ट्र बनकर दुनिया को राह दिखा सकेगा।

एसटीएफ ने अपराधी राहुल दीक्षित गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया



लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश एसटीएफ ने अपराधी राहुल दीक्षित गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है। आरोपी आशीष दूबे उर्फ विशाल दूबे बाराबंकी के रामसनेहीघाट थाना क्षेत्र में आभूषण व्यापारी से लूट का प्रयास करने के मामले में वांछित चल रहा था। आरोपी को 22 नवंबर 2026 को सुबह करीब 10.30 बजे रामसनेही घाट थाना क्षेत्र में कोटवा सड़क स्थित सहादतगंज पुल के पास से पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपी मूल रूप से उन्नाव के दही थाना क्षेत्र की आवास विकास कॉलोनी का रहने वाला है और हाल में कानपुर नगर के कल्याणपुर स्थित आवास विकास में रह रहा था। तलाशी के दौरान उसके पास से एक मोबाइल फोन, एक आधार कार्ड और एक पैन कार्ड बरामद हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाल विक्रम सिंह ने बताया कि एसटीएफ की टीम बाराबंकी क्षेत्र में भ्रमणशील थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि रामसनेही घाट थाने में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 383 के आरोपी सहादतपुर पुल के पास मौजूद है, जिसके बाद टीम ने दबिश देकर उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी राहुल दीक्षित से वर्ष 2025 में जान–पहचान हुई थी। दिसंबर 2025 में राहुल दीक्षित बाराबंकी के एक पुराने लूट के मामले में जेल चला गया था और जुलाई 2026 में जमानत पर बाहर आने के बाद दोनों के बीच फोन पर संपर्क बना रहा। आरोपी के मुताबिक, 27 अक्टूबर 2026 को राहुल दीक्षित ने फोन कर उसे गुडंबा थाने के पास बुलाया और वॉट्सएप पर लोकेशन भेजी, जहां उसकी मुलाकात राहुल दीक्षित व सौरभ वर्मा से हुई। आरोपी ने बताया कि अगले दिन 28 अक्टूबर को वह बाइक से चिनहट के मटियारी चौराहे पहुंचा, जहां राहुल दीक्षित, सौरभ वर्मा, आयुष पांडेय, कृष सिंह और अभिषेक सिंह मिले। इसके बाद सभी दोपहर करीब 3.30 बजे सुरजवापुर मोड़ पर जुटे और बलेनो कार से ज्वेलर्स की दुकान की रेकी की। शाम करीब 6.20 बजे आशीष दूबे, आयुष पांडेय, कृष सिंह और अभिषेक सिंह ने मोहम्मदपुर कीरत से सिद्धौर मार्ग पर आभूषण व्यापारी से लूट का प्रयास किया। लूट में नाकाम रहने और लोगों से घिरता देख आयुष पांडेय ने पिस्टल से हवाई फायर किया, जिसके बाद सभी मौके से भाग निकले। आरोपी के अनुसार, बाद में कृष सिंह और आयुष पांडेय की गिरफ्तारी तथा राहुल दीक्षित व सौरभ वर्मा के पुलिस मुठभेड़ में घायल होकर पकड़े जाने की जानकारी मिलने के बाद वह पुलिस से बचने के लिए कानपुर, उन्नाव, लखनऊ और बाराबंकी में ठिकाने बदल–बदल कर रह रहा था। एसटीएफ ने आरोपी को संबंधित मुकदमे में दाखिल कर दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई स्थानीय पुलिस कर रही है।

आरक्षण में उप वर्गीकरण की मांग पर 26 नवंबर को होगा वाल्मीकि

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के हजरतगंज स्थित गोमती होटल में रविवार को वाल्मीकि महासम्मेलन आयोजन समिति ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 26 नवंबर को होने वाले महासम्मेलन की जानकारी दी। गोमतीनगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सुबह 11 बजे से आयोजित सम्मेलन में प्रदेशभर से वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधि जुटेंगे। इसमें समाज के अधिकार, आरक्षण में हिस्सेदारी और राजनीतिक प्रतिनिधित्व से जुड़े मुद्दे उठाए जाएंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि पहले महासम्मेलन 20 नवंबर को प्रस्तावित था, लेकिन प्रधानमंत्री के संभावित कार्यक्रम के चलते इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 20 और 21 नवंबर की बुकिंग निरस्त हो गई। इसके बाद आयोजन की तारीख 26 नवंबर तय की गई। नरेश वाल्मीकि ने बताया कि सम्मेलन में चार प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप आरक्षण में उप वर्गीकरण लागू करने के लिए प्रदेश सरकार से कानून बनाने की मांग की जाएगी। इसके लिए गठित होने वाली सर्वेक्षण समिति में वाल्मीकि समाज के प्रतिनिधि को शामिल करने की बात भी रखी जाएगी। समिति का कहना है कि इससे समाज की अति पिछड़ी जातियों को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में उचित प्रतिनिधित्व मिल सकेगा। समाज ने आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की 80 आरक्षित सीटों में से कम से कम 10 सीटों पर वाल्मीकि समाज के प्रत्याशियों को टिकट देने की मांग उठाई है। इसके अलावा स्थानीय निकायों में रिक्त सफाई कर्मचारियों के पदों पर भर्ती और ठेका, संविदा व आउटसोर्सिंग पर काम कर रहे कर्मचारियों को नियमित करने की मांग की जाएगी। समिति ने सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई मशीनों से कराने, हाथ से सफाई पर पूरी तरह रोक लगाने और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई की मांग की। सफाई के दौरान जान गंवाने वाले कर्मचारियों के परिवारों को एक करोड़ रुपये मुआवजा देने की बात भी रखी जाएगी। वर्षों से सरकारी और नजूल भूमि पर रह रहे वाल्मीकि परिवारों को पट्टा और मालिकाना हक देने की मांग उठेगी। शिक्षा के मुद्दे पर स्वच्छकार मुक्ति पुनर्वास योजना दोबारा शुरू कर समाज की बेटियों की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता देने की मांग की जाएगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राम सिंह वाल्मीकि, नरेश वाल्मीकि, कमल वाल्मीकि, मोहित वाल्मीकि, विपिन वाल्मीकि, सुजीत वाल्मीकि और सविता (रेनू सिंह) वाल्मीकि समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

मसूद जैदी वरिष्ठ और अनूप टंडन कनिष्ठ उपाध्यक्ष निर्वाचित

लखनऊ, संवाददाता। गोमती नगर जनकल्याण समिति से संबद्ध परमहंस जनकल्याण समिति, विवेक खंड–3 का चुनाव महासमिति के संविधान के अनुरूप शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी देवेश कुमार मिश्रा एडवोकेट ने महासमिति के पर्यवेक्षक संजय निगम की उपस्थिति में चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई। इसमें आरडी चौबे को अध्यक्ष, मसूद जैदी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष और अनूप कुमार टंडन को कनिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। सैफ सिद्दीकी को सचिव, जबकि अतुल कुमार टंडन और राहुल कुमार गर्ग को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी मिली। शरद देवड़ा कोषाध्यक्ष चुने गए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रविन्द्र नाथ तिवारी, एमबी सिंह, प्रेम प्रकाश दीक्षित और रणविजय सिंह शामिल किए गए।

यूपी चुनाव से पहले बीजेपी का बड़ा दांव

बीपीएल परिवार की महिलाओं के खाते में आएंगे 20 हजार रुपये, दिसंबर से शुरू हो सकती है मदद

लखनऊ, संवाददाता। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी करने और जीत की हैट्रिक लगाने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी रणनीति को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। पार्टी अब राज्य की आधी आबादी यानि महिला मतदाताओं को साधने के लिए एक ऐसी नकदी योजना लाने जा रही है, जो अन्य राज्यों में ऐन चुनाव से पहले गेमचेंजर साबित हो चुकी है। इस योजना के तहत चुनावी अधिसूचना जारी होने से पहले ही पात्र महिलाओं को आर्थिक सहायता देने की तैयारी है। प्रदेश के बीपीएल श्रेणी में आने वाले 3.64 करोड़ परिवारों में से प्रत्येक परिवार की एक महिला को 20 हजार रुपये की नकद मदद दी जाएगी। यह धनराशि दो बराबर किस्तों में 10–10 हजार रुपये करके सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। महिलाओं को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने या स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु कई मॉडलों पर मंथन के बाद इस प्रस्ताव पर सहमति बनी है।सरकार का लक्ष्य है कि दिसंबर में ही महिलाओं को यह आर्थिक सहायता उपलब्ध करा दी जाए। बीपीएल श्रेणी से जुड़ी महिलाओं के जनधन बैंक खातों का युद्ध स्तर पर सत्यापन किया जा रहा है। राज्य में मौजूद 3.64 करोड़ बीपीएल परिवारों से जुड़े जनधन खातों के सत्यापन का कार्य करीब 80 प्रतिशत तक पूरा भी कर लिया गया है, ताकि पैसा ट्रांसफर करने में कोई तकनीकी बाधा न आए।

उद्योग व्यापार मंडल के प्रादेशिक केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के हजरतगंज स्थित पार्क रोड पर रीजेंसी प्लाजा में रविवार को प्रतिनिधि उद्योग व्यापार मंडल के प्रादेशिक केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। इस मौके पर प्रदेश के पूर्वांचल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बुंदेलखंड और मध्य यूपी के व्यापारी नेता शामिल हुए। संगठन ने 20 दिसंबर को ऐशबाग के रामलीला मैदान में व्यापारी अधिकार रैली करने की घोषणा भी की। इसमें करीब 25 हजार व्यापारियों के जुटने का दावा किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनूप शुक्ला ने बताया कि रैली से पहले प्रदेश की करीब 300 विधानसभा क्षेत्रों में व्यापारी प्रतिनिधि संपर्क अभियान चलाएंगे। इसके जरिए व्यापारियों का समर्थन जुटाकर उन्हें लखनऊ पहुंचने के लिए प्रेरित किया जाएगा। रैली में 26 सूत्री मांगपत्र सरकार के सामने रखा जाएगा। अनूप शुक्ला ने कहा कि प्रदेश की आबादी में व्यापारियों की हिस्सेदारी करीब 30 प्रतिशत है, लेकिन राजनीतिक प्रतिनिधित्व बेहद कम है। राजनीतिक दल व्यापारियों से वोट और आर्थिक सहयोग लेते हैं, लेकिन उन्हें निर्णय प्रक्रिया में पर्याप्त जगह नहीं मिलती। संगठन की मांग है कि व्यापारियों को विधानसभा और राजनीतिक व्यवस्था में उचित भागीदारी मिले। जो दल उनकी मांगों पर स्पष्ट रुख अपनाएगा, व्यापारी उसी के समर्थन पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन से छोटे और मध्यम कारोबार प्रभावित हो रहे हैं। सरकार ऑनलाइन कारोबार बंद नहीं कर सकती, लेकिन स्थानीय व्यापारियों को बचाने के लिए विशेष बूस्टर पैकेज दे सकती है। इससे दुकानें बचेंगी और रोजगार भी बना रहेगा। उन्होंने अधिकारियों पर व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए चेतावनी दी कि ऐसी शिकायतें नहीं रुकीं तो संगठन आंदोलन करेगा। 26 सूत्री मांगपत्र में व्यापारी आयोग का गठन, जीएसटी और आयकर में राहत, जीएसटी की जटिलताएं दूर करने, पेट्रोल–डीजल को जीएसटी में शामिल करने और छापेमारी के नाम पर उत्पीड़न रोकने की मांग है। इसके अलावा युवाओं को उद्योग लगाने के लिए 25 लाख रुपए का ब्याज मुक्त ऋण, छोटे कारोबारियों को सस्ता बैंक लोन,बीमा राशि दोगुनी करने और पेंशन लागू करने की मांग शामिल है।

संक्षिप्त

लोजपा के नेताओं ने सुभासपा की सदस्यता ली

लखनऊ, संवाददाता। 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) ने उत्तर प्रदेश में संगठन विस्तार की मुहिम तेज कर दी है। रविवार को पार्क रोड स्थित विधायक निवास पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने लोजपा छोड़कर आए कई नेताओं समेत अन्य लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाई। राजभर ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत करने की बात कही। ओमप्रकाश राजभर ने आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी को भी निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में आम आदमी पार्टी का कोई जनाधार नहीं है। वहीं, अखिलेश यादव के साथ ऐसे लोग जुट रहे हैं, जिनका अपना कोई जनाधार नहीं है। राजभर ने कहा कि पार्टी लगातार अपना संगठन मजबूत करने में जुटी है और नए लोगों को जोड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। राजभर ने पार्टी में शामिल हुए नए नेताओं और कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। सदस्यता कार्यक्रम को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले संगठन विस्तार की कवायद के तौर पर देखा जा रहा है। पार्टी का फोकस नए नेताओं और कार्यकर्ताओं को जोड़कर प्रदेश में अपनी राजनीतिक गतिविधियों को विस्तार देने पर है।

नाले में मिला चार दिन से लापता युवक का शव

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी में एक युवक का शव नाले में मिला। बांक नाले में शव देखकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान सुरेंद्र (35) पुत्र सियाराम के रूप में हुई। वह चार दिन से लापता था। गुमशुदगी दर्ज होने के बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। घटना निगोहां थाना क्षेत्र की है। परसपुर ठट्ठा गांव में सुरेंद्र अपने परिवार के साथ रहता था। परिवार में पत्नी शोभावती, दो बेटे और दो बेटियां हैं।परिजनों के मुताबिक, वह गुरुवार को पास के गांव में मजदूरी करने गया था, लेकिन घर नहीं लौटा। दो दिन तक उसके घर न पहुंचने पर परिजनों ने निगोहां थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। रविवार सुबह ग्रामीणों ने गांव के किनारे बांक नाले में शव उतराता देखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव बाहर निकलवाकर उसकी पहचान कराई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने भी शव की पहचान की। थाना प्रभारी रवींद्र कुमार ने बताया कि परिजनों ने किसी तरह की आशंका नहीं जताई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पंचायतनामा समेत जरूरी कानूनी कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच जारी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण साफ हो सकेगा।

संतोष दीक्षित को कथाक्रम सम्मान–2026 मिला

लखनऊ, संवाददाता। राजधानी के कैफे आजमी अकादमी सभागार में रविवार को 34वें अखिल भारतीय आयोजन कथाक्रम–2026 में वरिष्ठ कथाकार संतोष दीक्षित को आनंद सागर स्मृति कथाक्रम सम्मान–2026 से सम्मानित किया गया। इस दौरान हिंदी कथा साहित्य की परंपरा, बदलती संवेदना और उसकी सामाजिक भूमिका पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कथाकार राजेंद्र राव ने की। मुख्य अतिथि के रूप में प्रख्यात कथाकार शिवमूर्ति मौजूद रहे। कथाकार रजनी गुप्त ने संतोष दीक्षित के साहित्यिक योगदान और रचनात्मक यात्रा पर प्रकाश डाला। मीनू अवस्थी ने सम्मान पत्र का वाचन किया। इसके बाद उन्हें सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान मिलने पर संतोष दीक्षित ने कहा कि कथाक्रम सम्मान कथा साहित्य की दुनिया का प्रतिष्ठित सम्मान है। देशभर के साहित्यकारों को हर साल इसके चयन का इंतजार रहता है। उन्होंने कहा कि कथाक्रम समिति ने उनकी रचनात्मकता को पसंद किया और सराहा, यह उनके लिए सौभाग्य की बात है। बिहार के पटना जिले के रहने वाले संतोष दीक्षित ने बताया कि वह करीब 35 साल से साहित्य लेखन कर रहे हैं। अब तक उनके छह उपन्यास और चार–पांच कहानी संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। कई अन्य रचनाओं पर भी काम जारी है। उनकी कहानियां लगातार साहित्यिक पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं। कथाक्रम संयोजक शैलेन्द्र सागर ने अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि यह सम्मान वर्ष 1997 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य हिंदी कथा साहित्य में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रचनाकारों को सम्मानित करना है। सम्मान समारोह के बाद संगोष्ठी आयोजित हुई। इसमें हिंदी कहानी की बदलती संवेदना और मौजूदा दौर की चुनौतियों पर साहित्यकारों ने विचार रखे। कार्यक्रम में रंगकर्मी राकेश समेत साहित्य जगत से जुड़े लोग मौजूद रहे।

24 नवंबर से सैयद मोदी बैडमिंटन चौंपियनशिप, एंट्री फ्री

लखनऊ, संवाददाता। मोदी इंडिया बैडमिंटन चौंपियनशिप 24 से 29 नवंबर तक गोमतीनगर स्थित बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में खेली जाएगी। इस टूर्नामेंट में कुल 2,50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि विजेता खिलाड़ी को मिलेगी। चौंपियनशिप में भारत, इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड, सिंगापुर, इंग्लैंड और फ्रांस समेत 22 देशों के 263 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इनमें सबसे बड़ा दल मेजबान भारत का है, जिसके 146 खिलाड़ी कोर्ट में उतरेंगे। खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए बीबीडी अकादमी के साथ ओमैक्स हाइट्स स्थित गौरव खन्ना एक्सीलिया सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में भी व्यवस्था की गई है। चौंपियनशिप के मैच देखने आ रहे दर्शकों के लिए एंट्री पूरी तरह से फ्री रहेगी। सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबलों का दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। ये जानकारियां उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन डॉ. नवनीत सहगल और अध्यक्ष विराज सागर दास ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दीं। इस दौरान दिवंगत सचिव डॉ सुधर्मा सिंह के निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी गई। भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में यूपी बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल के मैच होंगे। सभी पांच वर्गों के मुख्य ड्रॉ में 32–32 खिलाड़ी या जोड़ियां होंगी, जिनमें 28 सीधे प्रवेश पाएंगे और 4 स्थान क्वालिफाइंग मैचों से भरे जाएंगे। क्वालिफाइंग मुकाबले और मुख्य ड्रॉ के कुछ मैच 24 नवंबर को होंगे, जबकि फाइनल 29 नवंबर को खेला जाएगा। पुरुष एकल में भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय को तीसरी वरीयता मिली है, जबकि सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह शीर्ष और मलेशिया के ली जी जिया दूसरी वरीयता पर हैं।

मेडिकल कॉलेज परिसर में ब्लैकआउट एवं एयर रेड मॉक ड्रिल का सफल आयोजन

परखी गई आपातकालीन तैयारियां



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। आपातकालीन परिस्थितियों एवं संभावित हवाई हमले से निपटने की तैयारियों को परखने के उद्देश्य से आज माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज परिसर में ब्लैकआउट एवं एयर रेड मॉक ड्रिल का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। अभ्यास के दौरान सायरन, ब्लैकआउट, रेड अलर्ट, सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने, आग बुझाने तथा राहत एवं बचाव कार्यों का व्यावहारिक प्रदर्शन किया गया। मॉक ड्रिल के तहत शाम छह बजे सायरन बजते ही निर्धारित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद कर ब्लैकआउट किया गया, जिसके बाद शाम 6:05 बजे रेड अलर्ट जारी कर दो मिनट तक चेतावनी सायरन बजाया गया और नागरिकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने व ड्रोन से उत्पनन्-काल्पनिक खतरे से निपटने का अभ्यास किया गया। शाम 6:10 बजे ग्रीन सिगन्ल के माध्यम से 'ऑल क्लियर' घोषित होने के पश्चात अगिन्शमन दल ने आग पर काबू पाने, चिकित्सा विभाग की टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देने तथा बचाव दल ने भवनों में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने का आपसी समन्वय के साथ प्रदर्शन किया।उप जिलाधिकारी सदर निखिल चक्रवर्ती की उपस्थिति में आयोजित इस संयुक्त अभ्यास में एनसीसी, स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश पुलिस, उत्तर प्रदेश फायर सर्विस, सीमा सुरक्षा बल , चिकित्सा विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, होमगार्ड तथा युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर एडीएम एवं उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा डॉ. ज्ञान प्रकाश ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में विभिनन् विभागों की तत्परता, संसाधनों की उपलब्धता तथा आपसी समन्वय की क्षमता का आकलन करना है, ताकि किसी भी वास्तविक आपदा या अप्रत्याशित परिस्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास से संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियों का व्यावहारिक अनुभव मिलता है और आपदा प्रबंधन व्यवस्था अधिक मजबूत बनती है।

पुलिस लाइन में ब्लैक आउट एवं एयर रेड मॉकड्रिल का सफल आयोजन

युद्धकालीन आपात स्थितियों से निपटने की तैयारियों को परखा गया

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। भारत सरकार के गृह मंत्रालय, नागरिक सुरक्षा एवं गृह रक्षक, नई दिल्ली के निर्देशों के क्रम में आज पुलिस लाइन कुशीनगर में सायं 06:00 बजे से 06:30 बजे तक युद्धकालीन आपात परिस्थितियों में हवाई हमलों से बचाव के दृष्टिगत ब्लैक आउट एवं एयर रेड मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया।

मॉकड्रिल का मुख्य उद्देश्य युद्ध जैसी आपात परिस्थितियों में संभावित बहु-आपदाओं यथा आगजनी, बाढ़, बमबारी, सीबीआरएन (रासायनिक, जैविक, रेडियोलॉजिकल एवं परमाणु प्रभाव) तथा भगदड़ जैसी परिस्थितियों से बचाव के प्रति आमजन को जागरूक करना, त्वरित राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी सुनिश्चित करना तथा जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन इकाई एवं नागरिक सुरक्षा बलों की तत्परता एवं कार्यक्षमता का परीक्षण करना था।

मॉकड्रिल के दौरान सायं 06:00 बजे संभावित हवाई हमले की चेतावनी देने के लिए दो मिनट



तक ऊंची-नीची आवाज में सायरन बजाया गया। चेतावनी मिलते ही निर्धारित प्रक्रिया के तहत विद्युत आपूर्ति बंद कर दी गई, ताकि अंधेरे में कोई स्थान संभावित लक्ष्य के रूप में दिखाई न दे। इस दौरान कार्यालयों एवं घरों में खिड़की-दरवाजों पर पर्दे लगाने, किसी भी प्रकार की रोशनी बाहर न जाने देने तथा बिना रोशनी के सुरक्षित रहने का अभ्यास कराया गया। साथ ही नागरिकों को सुरक्षित स्थानों एवं निर्धारित शेल्टर होम में शरण लेने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

निर्धारित अभ्यास के उपरांत स्थिति सामान्य होने का संकेत देने के लिए दो मिनट तक ऑल क्लियर सायरन बजाया गया। इसके बाद विद्युत व्यवस्था पुनः बहाल की गई। मॉकड्रिल के दौरान अगिन्शमन विभाग द्वारा आग लगने की स्थिति में बचाव एवं अगिन्शमन कार्यों का प्रदर्शन किया गया, जबकि स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देने तथा एंबुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया का अभ्यास किया।इस मॉकड्रिल में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, उप जिलाधिकारी पडरौना, जिला आपदा विशेषज्ञ सहित पुलिस लाइन, अगिन्शमन विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, विद्युत विभाग एवं नागरिक सुरक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता की।अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास से युद्धकालीन एवं अन्य आपात परिस्थितियों में त्वरित निणय लेने, विभिनन् विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा राहत एवं बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने में मदद मिलती है।

जनकपुरधाम-अयोध्याधाम के बीच 23 नवंबर से शुरू होगी साप्ताहिक रेल सेवा

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर । भारत और नेपाल के बीच धार्मिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से जनकपुरधाम (नेपाल) और अयोध्याधाम के बीच साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन चलाने की स्वीकृति दी गई है। इसका शुभारंभ 23 नवंबर को अयोध्याधाम से उद्घाटन विशेष ट्रेन के संचालन के साथ होगा।पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमित कुमार ने बताया कि रेल मंत्रालय ने 15595/15596 जनकपुरधाम-अयोध्याधाम-जनकपुरधाम साप्ताहिक एक्सप्रेस के संचालन को मंजूरी दी है। उद्घाटन के लिए 04295/04296 विशेष ट्रेन चलाई जाएगी।उन्होंने बताया कि 23 नवंबर को उद्घाटन विशेष ट्रेन अयोध्याधाम से दोपहर 12:30 बजे रवाना होकर मनकापुर, बस्ती, गोरखपुर, नरकटियागंज, रक्सौल, सीतामढ़ी, मधुबनी और जयनगर होते हुए 24 नवंबर को सुबह 10 बजे नेपाल के जनकपुरधाम पहुंचेगी। वापसी में 24 नवंबर को जनकपुरधाम से दोपहर एक बजे रवाना होकर अगले दिन सुबह 8:10 बजे अयोध्याधाम पहुंचेगी।मुख्य जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार, ट्रेन में कुल 17 कोच लगाए जाएंगे। इनमें सात शयनयान, तीन वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, तीन तृतीय इकोनॉमी, दो वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी तथा जनरेटर सह लगेज यान और एलएसएलआरडी का एक-एक कोच शामिल होगा। इस रेल सेवा से भारत और नेपाल के बीच आवागमन के साथ ही दोनों देशों के प्रमुख धार्मिक स्थलों के बीच संपर्क मजबूत होगा।

खुनियांव बीआरसी परिसर में 138 दिव्यांग बच्चों को वितरित किए गए 195 सहायक उपकरण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सिद्धार्थनगर। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से समेकित शिक्षा (समग्र शिक्षा) के अंतर्गत एलिम्को कानपुर के सहयोग से विकासखंड खुनियांव के बीआरसी परिसर में दिव्यांग बच्चों के लिए भव्य सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया। जनपद में 618 दिव्यांग बच्चों को 886 सहायक उपकरण निःशुल्क उपलब्ध कराने के अभियान के तहत आयोजित इस शिविर में पूर्व में चिह्नित खुनियांव ब्लॉक के 138 बच्चों को कुल 195 उपकरण प्रदान किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल उपस्थित रहे, जिन्होंने बच्चों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप श्रवण यंत्र, व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, एमआर टीएलएम किट, सीपी चेयर, ब्रेल किट, स्मार्ट केन और कैलिपर आदि सहायक उपकरण सौपे।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें



आत्मनिर्भर बनाना हम सभी का दायित्व है, और ये सहायक उपकरण उनके पठन-पाठन व दैनिक जीवन को सुगम बनाने में मील का पत्थर साबित होंगे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार के निर्देशन तथा खंड शिक्षा अधिकारी खुनियांव तारकेश्वर पांडे व जिला समन्वयक (समेकित शिक्षा) करुणापति त्रिपाठी की देखरेख में यह शिविर सफलतापूर्वक संपनन् हुआ।

कार्यक्रम में जयवर्धन तिवारी, सत्येन्द्र प्रताप सिंह, लाला यादव, गुड्डू सिंह, ग्राम प्रधान भटगंवा भारत विश्वकर्मा, पप्पू पाण्डेय, आयुष दुबे, रोहन सोनी, आर.सी. गुप्ता, पप्पू सिंह, राज अवधेशी, राकेश प्रताप सिंह, हृषिकेश शुक्ला, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम शब्द यादव तथा भाजपा नेता राम उजागर विश्वकर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शिविर को सफल बनाने में फिजियोथैरेपिस्ट खुर्शीद आलम, विशेष शिक्षक राघवेंद्र प्रताप मिश्र, अवनीश त्रिपाठी, उमेश मिश्र, प्रेम प्रकाश, फूलचंद चौधरी, पंकज कुमार, रितेश कुमार वर्मा, गणेश गौड, शिवम शुक्ला, अंशिका श्रीवास्तव, रामकुमार चौधरी, महेंद्र मौर्य, सर्वेश कुमार उपाध्याय, गंगाराम, रामनाथ शर्मा, सदानंद चौधरी, सुरेंद्र कुमार पाल, सुनील सागर, अवधेश वर्मा, प्रमोद कुमार गोस्वामी, संतोष कुमार, चंद्रभान सिंह, इंद्रजीत, बाबूलाल, पवन कुमार यादव, राकेश चौधरी, सतीश चौधरी तथा बीआरसी स्टाफ दिनेश कुमार यादव, विजय प्रकाश मौर्य, बाल जी रावत, हरिनारायण और विजय नारायण मिश्रा का विशेष सहयोग रहा।

कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर रूट डायवर्जन लागू, 23 नवंबर शाम 4 बजे से मेला समाप्ति तक रहेगी व्यवस्था

प्रातः काल एक्सप्रेस
ब्यूरो कुशीनगर

कुशीनगर। कार्तिक पूर्णिमा सनन के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु दिनांक 23 नवम्बर समय 16.00 बजे से दिनांक 24 नवम्बर को मेला समाप्ति तक रूट डायवर्जन व्यवस्था लागू रहेगी।बड़ी नहर पडरौना (गण्डक नहर) से होकर बिहार को जाने वाली सभी बड़ी / कॉमशियल गाड़ियां खिरिया रेगुलेटर के रास्ते बड़ी नहर होते हुए मधुबनी बिहार को जाएंगी। सभी बड़े / कमशियल वाहनों का खिरकियाँ में प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

बिहार से होकर पडरौना की तरफ आने वाली सभी बड़ी / कॉमशियल गाड़ियां गोड़रिया, सेमरा चौराहा से सिंधुआ स्थान होते हुए खिरिया टोला, बड़ी नहर पडरौना (गण्डक नहर), छावनी होते हुए अपने गंतव्य को जाएंगी।बांसी मेला स्थान हेतु आने वाले श्रद्धालुओं की गाड़ियां सोहरौना प्राइमरी स्कूल (बांसी रोड) तक जाएंगी और सड़क के किनारे पार्किंग स्थल पर पार्क होंगी।बिंदवलिया बगीचा की तरफ से आने वाले कोई भी वाहन खिरकिया में प्रवेश नहीं करेंगे, इस ओर से आने वाले वाहन पड़री होकर अपने गंतव्य को जाएंगे।

पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि मेला में पहुंचने हेतु अधिक से अधिक सार्वजनिक वाहनों का प्रयोग करें या दोपहिया वाहनों का प्रयोग करें जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जा सके।

ढेबरुआ पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक



प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)। मिशन शक्ति फेज-6.0 अभियान के तहत रविवार को ढेबरुआ थाने की पुलिस टीम ने सीएचसी बढ़नी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान वहां मौजूद महिलाओं और बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर महिला अपराध, दहेज उत्पीड़न, साइबर सुरक्षा और नए कानूनों की जानकारी दी गई।पुलिस टीम ने महिलाओं को आत्मरक्षा के प्रति सजग करते हुए आपात स्थिति में मदद के लिए विभिनन् हेल्पलाइन नंबरों (112, 1090, 1076, 1930, 1098, 108 व 102) का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सामूहिक विवाह योजना और निराश्रित महिला पेंशन समेत कई सरकारी योजनाओं के लाभ व पात्रता के बारे में भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम में हेड कांस्टेबल दहारी यादव, कांस्टेबल बृजेश गौतम और महिला आरक्षी दीपिका तिवारी शामिल रहीं।

वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर बुंदेलखंड क्रांति दल ने किया नमन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर बुंदेलखंड क्रांति दल (बीकेडी) की ओर से उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर सत्येन्द्र पाल सिंह ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई का साहस, त्याग और बलिदान बुंदेलखंड की गौरवशाली विरासत है। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की वीरांगनाओं और महापुरुषों के इतिहास को उचित सम्मान दिलाना हम सभी का दायित्व है।

नेताजी मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित

प्रातःकाल एक्सप्रेस

बढ़नी/सिद्धार्थनगर। समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मणेन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में विधानसभा शोहरतगढ़ के बढ़नी ब्लॉक स्थित जियाभारी गांव में पदम विभूषण 'नेताजी' मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती के अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षकों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित लोगों ने नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात कार्यक्रम के संयोजक मणेन्द्र मिश्रा ने गांधी आदर्श इंटर कॉलेज बढ़नी, श्री बृजेश्वरी इंटर कॉलेज घरुआर तथा क्षेत्रीय जूनियर और प्राथमिक विद्यालयों के 27 सेवानिवृत्त वरिष्ठ शिक्षकों को अंगवस्त्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मणेन्द्र मिश्रा ने कहा कि उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नेताजी मुलायम सिंह यादव का सिद्धार्थनगर जिले से गहरा लगाव था। सिद्धार्थनगर जिला कलेक्ट्रेट और लोहिया कला भवन का उद्घाटन स्मृति शेष मुलायम सिंह यादव ने ही किया था। उनके मुख्यमंत्रित्व काल में जिले के विकास के लिए कई ऐतिहासिक कार्य हुए, जिसके लिए जनपदवासी आजीवन उनके ऋणी रहेंगे। उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी



के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की स्थापना कर नेताजी के इस जिले से जुड़ाव को और अधिक सशक्त किया है।कार्यक्रम का सफल संचालन पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव हरिनाथ यादव ने किया। इस मौके पर अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष शकील शाह, प्रदेश सचिव जावेद खान, सेक्टर प्रभारी रामसेवक यादव, बूथ प्रभारी छेदी प्रसाद, पंकज सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

नाले से हो रही कटान को रोकवाने हेतु किया गया विरोध प्रदर्शन

कमाल खान/प्रातःकाल एक्सप्रेस

बलरामपुर जिले के विकास खण्ड हर्रैया सतघरवा के ग्राम पंचायत लौकी कला में प्राथमिक विद्यालय लौकीकला नवीन धोबैनिया पहाड़ी नाला की कटान की जद में आ गया है विगत 20 वर्षों की कटान के फलस्वरूप लौकीकला गाँव के तमाम लोग घर छोड़कर दूसरी जगह पर बस गए, नाले की कटान से अनून यादव, गिरधारी प्रसाद, हनुमान, महंथ, पांचू, ननकऊ, छेदी, भगवान दीन, रामदीन आदि लोग विगत वर्षों में विस्थापित हुए संतराम तिवारी, सीताराम, साधु, ईश्वर शरण, ललू यादव, मिट्ठू लाल, नान बाबू आदि की जमीन भी नाले में समा चुकी है 2027 विधानसभा तुलसीपुर के निर्दलीय उम्मीदवार एवं पूर्व सांसद प्रत्याशी समाजसेवी युगल किशोर शुक्ल एडवोकेट एवं जोगी शुक्ला ग्राम प्रधान के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय लौकीकला नवीन थाना हर्रैया विकास खण्ड हर्रैया सतघरवा तहसील व जिला बलरामपुर को धोबैनिया पहाड़ी नाला की कटान से बचाने हेतु प्रदर्शन हुआ जिसमेंअनून प्रसाद यादव हरिवंश मणि तिवारी, आफताब आलम, भगवानदीन, पांचू, निर्मला तिवारी एडवोकेट, कैलाश, गिरधारी, ललू, विजय कुमार, कन्हैया लाल, नूर मोहम्मद फूल मोहम्मद, अशवन विश्वकर्मा समेत तमाम ग्रामीण एवं विद्यालय के छात्र मौजूद रहे, छात्रों ने धोबिनिया नाले की कटान से मेरा स्कूल बचा लीजिए साहब का मांग किया। विद्यालय अब नाले से करीब 6 मीटर दूरी पर पहुंच चुका है कभी भी नाले में समा सकता है। उक्त समस्या के समाधान हेतु जिला अधिकारी महोदय बलरामपुर को प्रार्थना पत्र भेजा गया।

मुलायम सिंह यादव की धूमधाम से मनाई गई जयन्ती, दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

प्रातःकाल एक्सप्रेस



शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सुभद्रा नाथ कन्या महाविद्यालय सेवरा भरौली में समाजवादी पार्टी के संस्थापक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं धरतीपुत्र श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव जी की जयन्ती भव्य रूप से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सागर पाठक के नेतृत्व एवं संयोजन में किया गया। इस अवसर पर नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सागर पाठक ने नेताजी के संघर्षपूर्ण जीवन, राजनीतिक योगदान, समाजवादी विचारधारा तथा किसानों, गरीबों, पिछड़ों, दलितों, अल्पसंख्यकों एवं नौजवानों के हित में किये गये ऐतिहासिक कार्यों और जनकल्याणकारी उपलब्धियों को विस्तार से बताया। श्री पाठक ने कहा कि श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव जी का सम्पूर्ण जीवन सामाजिक न्याय, समानता, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए समर्पित रहा। नेताजी ने हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, नौजवान एवं वंचित वर्गों की आवाज बुलन्द की। उनकी विचारधारा और संघर्ष हम सभी समाजवादी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। नेताजी के बताये रास्ते पर चलकर समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम का समापन नेताजी के आदर्शों एवं समाजवादी विचार धारा को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में राजेन्द्र प्रसाद पाठक, कमलेश पाण्डेय, विजय उपाध्याय, अमन पाण्डेय, गौरव पाठक, रोशन गुप्ता, प्रिन्स चौधरी सहित भारी संख्या में छात्र-छात्राएं, नौजवान एवं समाजवादी विचारधारा से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

एक भी पात्र मतदाता न छूटे, बूथ-बूथ पहुंचे डीएम; फॉर्म-6 की प्रगति देख बीएलओ को दिए सख्त निर्देश

बेहजम और बसारा के बूथों पर पहुंचकर डीएम अंजनी कुमार सिंह ने परखी पुनरीक्षण अभियान की हकीकत, बोले- प्राप्त आवेदनों की आज ही कराएं ऑनलाइन फीडिंग

प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी। मतदाता सूची में कोई भी पात्र नागरिक छूटने न पाए, इसके लिए रविवार को जिले में प्रशासन पूरी मुस्तैदी के साथ मैदान में नजर आया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2027 के तहत जिले के सभी मतदेय स्थलों पर विशेष मतदाता पंजीकरण कैंप आयोजित किए गए। सुबह 10 से शाम चार बजे तक चले इन कैंपों में बीएलओ ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित नागरिकों और पहली बार मतदाता बनने के पात्र युवाओं के आवेदन प्राप्त किए। अभियान की रफ्तार और जमीनी प्रगति जानने के लिए डीएम अंजनी कुमार सिंह स्वयं बूथों पर पहुंचे। उन्होंने तहसील मितौली के



परिषदीय विद्यालय बेहजम और बसारा में स्थापित मतदेय स्थलों का निरीक्षण कर बीएलओ से सीधे संवाद किया। डीएम ने नए मतदाताओं के पंजीकरण के लिए प्राप्त फॉर्म-6 की संख्या और उनकी प्रगति का ब्योरा लिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि पात्र नागरिकों के आवेदन प्राप्त करने में किसी तरह की लापरवाही न हो और प्राप्त फॉर्म-6 को उसी दिन ऑनलाइन फीड कराया जाए, ताकि पंजीकरण की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ सके।

बीएलओ की जिम्मेदारी पर डीएम का जोर

निरीक्षण के दौरान डीएम ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण दायित्व है। इसमें बूथ लेवल अधिकारियों की भूमिका बेहद अहम है। उन्होंने बीएलओ को पूरी गंभीरता, सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके पात्र युवाओं सहित कोई भी योग्य नागरिक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित न रहे।

एसडीएम ने भी संभाली निगरानी की कमान

डीएम के निर्देशों के क्रम में जिले के सभी उप जिला मजिस्ट्रेट भी अपने-अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहे। उन्होंने विभिन्न मतदेय स्थलों पर आयोजित कैंपों का जायजा लिया और बीएलओ से अभियान की प्रगति की जानकारी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रशासनिक अधिकारियों की सक्रिय निगरानी में जिलेभर में पंजीकरण अभियान संचालित हुआ। निरीक्षण के दौरान संबंधित सुपरवाइजर और राजस्व अधिकारी भी मौजूद रहे। प्रशासन ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों और पहली बार मतदाता बनने जा रहे युवाओं से फॉर्म-6 के माध्यम से पंजीकरण कराने की अपील की है। प्रशासन का लक्ष्य है कि पुनरीक्षण अभियान के माध्यम से मतदाता सूची को अधिक समावेशी, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाया जा सके, ताकि लोकतंत्र के इस महापर्व में प्रत्येक पात्र नागरिक की भागीदारी सुनिश्चित हो।

जब शिक्षक बने डीएम अंजनी कुमार सिंह, छात्राओं से पूछे न्यूटन के नियम; फिर खुद समझाया विज्ञान का पाठ



प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी। प्रशासनिक जिम्मेदारियों के बीच डीएम अंजनी कुमार सिंह का एक प्रेरक शिक्षक रूप देखने को मिला। रविवार को वह कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बेहजम पहुंचे और सीधे कक्षा 11 की छात्राओं के बीच पहुंचकर उनसे संवाद किया। कक्षा में डीएम ने छात्राओं से न्यूटन के गति संबंधी नियमों पर सवाल पूछे और उनके जवाबों के माध्यम से विषय की समझ को परखा। अचानक डीएम को अपने बीच शिक्षक की भूमिका में पाकर छात्राओं में भी खास उत्साह नजर आया।

छात्राओं से सवाल-जवाब के बाद डीएम ने स्वयं न्यूटन के तीनों गति के नियमों को विस्तार से समझाया। उन्होंने सरल भाषा में नियमों के वैज्ञानिक आधार और उनके महत्व को स्पष्ट किया, ताकि छात्राएं विषय को केवल याद करने के बजाय उसकी अवधारणा को अच्छी तरह समझ सकें। संवाद के दौरान उन्होंने विज्ञान के कठिन सिद्धांतों को सहज तरीके से प्रस्तुत करते हुए पढ़ाई को रोचक बनाने का प्रयास किया। डीएम ने छात्राओं की शैक्षिक जिज्ञासा को प्रोत्साहित करते हुए सवाल पूछने और विषयों को गहराई से समझने की सीख दी। उनका यह अंदाज कक्षा के सामान्य शिक्षण से अलग रहा, जहां जिले के मुखिया ने छात्राओं के बीच पहुंचकर शिक्षक की भूमिका निभाई।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



प्रातःकाल एक्सप्रेस

इटावा। महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर मिशन शक्ति अभियान फेज-6 के तहत जागरूकता चौपाल लगाई गई। महिला पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकाओं को सुरक्षा संबंधी जानकारियां दीं।

एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में 112, 1090, 181, 1098, 1076, 1930 तथा स्वास्थ्य सेवा 102 व 108 नंबरों की जानकारी दी गई। साइबर अपराध से बचाव के लिए ओटीपी साझा न करने और संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी गई। इस दौरान जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए।

सायरन बजते ही थम गई शहर की रफ्तार, अंधेरे में डूबा मेमोरियल मैदान; डीएम की अगुवाई में परखी गई आपदा से निपटने की तैयारी

प्रातः काल एक्सप्रेस

लखीमपुर खीरी। रविवार शाम मेमोरियल मैदान में सायरन की गूंज, अचानक ब्लैकआउट और आपात स्थिति जैसा माहौल नजर आया। यह कोई वास्तविक आपदा नहीं, बल्कि संभावित हवाई हमले जैसी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए आयोजित मॉक ड्रिल थी। इस अभ्यास के जरिए प्रशासन ने दिखाया कि संकट की घड़ी में चेतावनी से लेकर राहत-बचाव तक विभिन्न विभाग किस तरह समन्वय के साथ काम करेंगे।

मॉक ड्रिल की शुरुआत हवाई हमले की चेतावनी वाले सायरन से हुई। सायरन बजते ही निर्धारित क्षेत्रों में ब्लैकआउट का अभ्यास किया गया और नागरिकों को सुरक्षित स्थानों व शेल्टरों में पहुंचने



की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। बाद में खतरा समाप्त होने का संकेत देने के लिए ऑल क्लियर सायरन बजाया गया।

डीएम की मौजूदगी में परखी गई तैयारी

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने नागरिक सुरक्षा इकाई लखीमपुर खीरी द्वारा आयोजित अभ्यास में विभिन्न विभागों की सहभागिता और आपसी समन्वय का जायजा लिया। उनके साथ सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एसडीएम सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट चेलुवा राजू आर, प्रभारी अधिकारी (नागरिक सुरक्षा) एवं एसडीएम तनवीर अहमद, जिला अग्निशमन अधिकारी डॉ. अक्षत रंजन शर्मा, ईओ संजय कुमार सहित बी.बी. धुरिया, विशाल सेठ, आर्येंद्र पाल सिंह, राम मोहन गुप्ता, राज शेखर, प्रसून टंडन, शिशिर अवस्थी, धीरेंद्र सिंह, आर.के. सिंह, उपदेश तिवारी, अजय सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

आग, बचाव और उपचार का अभ्यास

चेतावनी समाप्त होने के बाद राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया गया। नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों ने छोटी आग पर अग्निशमन उपकरणों से काबू पाया, जबकि बड़ी आग से निपटने के लिए फायर सर्विस ने फायर टेंडर के माध्यम से कार्रवाई का अभ्यास किया। हमले की काल्पनिक स्थिति में घायल हुए लोगों को प्राथमिक चिकित्सा दी गई। मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और गंभीर घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया दिखाई गई। पूरे अभ्यास में टीमों के बीच तालमेल, तत्परता और राहत कार्यों की क्षमता को परखा गया।

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य यह समझना है कि आपात स्थिति में सभी विभागों के बीच बेहतर समन्वय कैसे स्थापित हो और बिना समय गंवाए राहत-बचाव कार्य कैसे शुरू किए जाएं। इसमें चिकित्सा टीम, सिविल डिफेंस, एनसीसी, एनएसएस और पुलिस सहित सभी विभागों की भूमिका महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा कि मॉक ड्रिल केवल विभागीय तैयारियों का परीक्षण नहीं, बल्कि नागरिकों को जागरूक और सजग बनाने का माध्यम भी है। इसका उद्देश्य है कि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में लोग घबराने के बजाय सतर्कता बरतें और निर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षित रहें।

खेत में ट्यूबवेल के पास मिला बुजुर्ग किसान का क्षत-विक्षत शव, हत्या की आशंका

प्रातःकाल एक्सप्रेस



औरैया। फफूंद थाना क्षेत्र के मोहल्ला मोतीपुर निवासी 69 वर्षीय किसान सुरेश कुशवाहा का खेत में क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई। वह शुक्रवार शाम खेत की जुताई कराने की बात कहकर घर से निकले थे। शनिवार को खेत में ट्यूबवेल के पास उनका शव पड़ा मिला। चेहरे का आधा हिस्सा क्षत-विक्षत था, जिससे धारदार हथियार से हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक बटाई पर जमीन लेकर खेती करते थे। शनिवार को पुत्र छुनन और बंटी तलाश करते हुए खेत पहुंचे तो पिता का शव देखकर होश उड़ गए। परिजन उन्हें एंबुलेंस से चिचौली अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है, तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी।

नेताजी की जयंती पर सपाइयों ने लिया अखिलेश को सीएम बनाने का संकल्प

प्रातः काल एक्सप्रेस



जसवंतनगर/इटावा। समाजवादी पार्टी के संस्थापक एवं पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती सपा कार्यालय पर उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यकर्ताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और अखिलेश यादव को पुनः मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित भी किया गया। नगर अध्यक्ष राहुल गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय रहने का आह्वान किया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनुज मोंटी यादव ने कहा कि नेताजी ने जसवंतनगर को देश और प्रदेश में विशेष पहचान दिलाई। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि अजेंद्र सिंह गौर, सेक्टर प्रभारी सुभाष गुप्ता, विनय पांडेय, सुनील यादव, गोपाल गुप्ता, मोहम्मद फारूक, पप्पू हाजी, सत्यवती यादव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन राशिद सिद्दीकी ने किया।

विपक्षी दलों को सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ आवाज उठानी चाहिएः तेज प्रताप

मुलायम सिंह को 87वीं जयंती पर सपाइयों ने किया याद

प्रातःकाल एक्सप्रेस



इटावा। सैफई में सपा संस्थापक और पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती मनाई गई। सैकड़ों कार्यकर्ताओं और नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। करहल विधायक तेज प्रताप यादव ने कहा कि ओवैसी-चंद्रशेखर गठबंधन के लोग जनता के सामने बेनकाब हो चुके हैं। विपक्षी दलों को सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए, लेकिन ये लोग सपा को निशाना बना रहे हैं। ऐसे गठबंधनों से सपा को कोई फर्क नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव उर्फ अंशुल यादव भी मौजूद रहे।

पुलिस ने 12 घंटे में खोज निकाला 11 वर्षीय बालक, ऑपरेशन मुस्कान के तहत परिजनों से मिलाया

प्रातःकाल एक्सप्रेस

इटावा। ऑपरेशन मुस्कान के तहत चौबिया पुलिस ने घर से लापता 11 वर्षीय बालक को महज 12 घंटे में सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।21 नवंबर को थाना चौबिया क्षेत्र के ग्राम नगला मिन्द निवासी रेखा पतनी राजीव कुमार ने पुत्र के लापता होने की सूचना दी थी। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में पुलिस टीमों ने सघन खोजबीन कर बालक को बरामद किया। पूछताछ में बालक ने बताया कि मां द्वारा कपड़े न दिलाए जाने से नाराज होकर वह घर से चला गया था। बेटे के सकुशल मिलने पर परिजनों ने पुलिस का आभार जताया।



शादी समारोह में आतिशबाजी की चिंगारी से केमिकल भरे प्लॉट में लगी आग, बारातियों में मची भगदड़

प्रातःकाल एक्सप्रेस

औरैया। अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के बाबरपुर कस्बे के विद्यानगर मोहल्ले में शादी समारोह के दौरान आतिशबाजी की चिंगारी से पास के प्लॉट में फैले केमिकल में आग लग गई। देखते ही देखते ऊंची लपटें उठने लगीं, जिससे बारात में भगदड़ मच गई। साधना मैरिज होम में मलगवां मंदिर निवासी सरनाम सिंह पाल की पुत्री आकांक्षा उर्फ प्रिया की शादी इटावा के गौरव उर्फ निखिल के साथ हो रही थी। बारात में आतिशबाजी के दौरान चिंगारी प्लॉट में जा गिरी और केमिकल ने आग पकड़ ली। सूचना पर पुलिस और दमकल टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों को दूर कराया और दमकल कर्मियों ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।



प्रशासन के पास पराली का नहीं कोई इंतजाम खेतों में जलाने को मजबूर किसान

प्रातः काल एक्सप्रेस

औरैया। जनपद में किसान रोक के बावजूद खेतों में पराली जलाने को मजबूर है, जिसका जिला प्रसाशन के पास फसल अवशेष,पराली के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है, जिससे किसान अपने खेतों में पराली जलाने को मजबूर है प्रशासन किसानों को खेतों में पराली जलाने को लेकर सख्त निर्देश जारी किए जाते है, इस स्थित में आखिर किसान क्या कर सकता है, सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत किसानों के द्वारा पराली जलाये जाने का वीडियो हुआ वाइरल भी होते है, उसके बावजूद प्रशासन समस्या का समाधान करने के बजाय किसानों पर जुर्माना लगाए जाने की कार्रवाई शुरू हो जाती है, जिसके बाद भी पराली जलाने पर रोक नहीं लग पा रही है। किसान दिवस में जिला प्रसाशन के द्वारा पराली न जलाये जाने की अपील भी की जाती है लेकिन यह नहीं बताया जाता कि खेतों के अवशेष, पराली का करना क्या है, ऐसा ही पराली जलाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वाइरल हो रहा है यह वीडियो सदर तहसील क्षेत्र अंतर्गत कखौऊतू गांव का बताया जा रहा है।

108 निर्धन कन्याओं का होगा निःशुल्क सामूहिक विवाह, 25 नवंबर से सजेगी श्रीमद्भागवत कथा की भव्य महफिल

संत-महात्माओं और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में 3 दिसंबर को होगा कन्या महोत्सव, नवदंपतियों को गृहस्थी का सामान भी भेंट करेंगे आयोजक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। हंसारी में धार्मिक आस्था, सामाजिक समरसता और सेवा भावना का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। सिद्धेश्वर बालाजी धाम ट्रस्ट एवं राय परिवार हंसारी के तत्वावधान में परम पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर ओमप्रकाश दास जी महाराज के दिव्य आशीर्वाद तथा पूर्वजों के पुण्य स्मरण में पंचम श्रीमद्भागवत कथा एवं 108 निर्धन कन्याओं के निःशुल्क सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी कार्यक्रम आयोजक एवं समाजसेवी नितेंद्र रघुवीर राय फौजी ने अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।उन्होंने बताया कि 25 नवंबर से 1 दिसंबर तक हंसारी पावर के सामने श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा। कथा के शुभारंभ से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें घोड़ा-बग्गी, डीजे और 251 पीतवस्त्रधारी महिलाएं सिर पर कलश धारण कर शामिल होंगी। ओरछा से पधार रहे भागवताचार्य श्री दिवाकर जी महाराज प्रतिदिन दोपहर एक बजे



से शाम पांच बजे तक श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे।नितेंद्र राय ने बताया कि धार्मिक आयोजन के क्रम में 3 दिसंबर को सर्वजातीय सामूहिक कन्या महोत्सव आयोजित किया जाएगा। इसमें असहाय एवं निर्धन परिवारों की 108 कन्याओं का पूर्णतः निःशुल्क विवाह कराया जाएगा। बुंदेलखंड के अनेक संत-महात्मा एवं जनप्रतिनिधि इस पुनीत आयोजन के साक्षी बनेंगे और नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे।

उन्होंने बताया कि सभी दूल्हों की भव्य बारात घोड़ा, डीजे और बैंड-बाजों के साथ निकाली जाएगी। समारोह स्थल पर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह की रस्में संपन्न होंगी। इसके उपरांत भंडारा एवं प्रसादी का आयोजन किया जाएगा। विदाई के समय सभी नवदंपतियों को गृहस्थ जीवन की शुरुआत के लिए आवश्यक सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की जाएगी।उपहार सामग्री में सोने के एक जोड़ी टॉप्स, सोने की नाक की एक लौंग, चांदी की एक जोड़ी पायल, चांदी की बिछिया, एलईडी टीवी, फ्रिज, मिक्सर ग्राइंडर, प्रेस, प्लास्टिक की कुर्सियां व टेबल, लकड़ी का डबल बेड, बेडशीट, तकिया, गद्दा, डबल बेड कंबल, गोदरेज अलमारी, 51 बर्तनों का किचन सेट, साड़ी, टीका रस्म एवं अन्य आवश्यक उपहार शामिल हैं।आयोजक नितेंद्र रघुवीर राय ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य धार्मिक कथा के माध्यम से समाज में आध्यात्मिक चेतना का प्रसार करने के साथ ही जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग करना है, ताकि आर्थिक अभाव किसी बेटी के विवाह में बाधा न बने।

पत्रकार वार्ता के दौरान निहालचंद्र शिवहरे, हेमंत कुमार राय (कोषाध्यक्ष), विष्णु राम, नरेंद्र कुमार राय, अमित राय, संतोष राय प्रधान, केके राय, देवेंद्र राय, अरविंद राय, शैलेश दुवार, पुरण पाल, बादाम पाल, करन पाल, दिनेश पाल, शिवराम पाल, शिवराज पाल, जितेंद्र राय फौजी, ब्रजेंद्र राय, बद्रीप्रसाद राय, सोनू राय, आनंद राय, शिवम राय, राममिलन राय, रवि राय, बबलू राय (नौ नंबर), टिन्ने यादव, मंगल यादव, जवाहर सिंह (भूरे), शैतान सिंह, सूरज यादव (फौजी), अरविंद यादव, रामजीलाल अहिरवार (पूर्व प्रधान), रेशम परिहार, बीरू परिहार, मौनी राय, सुरेंद्र चौधरी, बब्लू रजक, अवध नरेश, सोनू रजक, हरिशंकर यादव सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। अंत में नितेंद्र रघुवीर राय ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया।

नेताजी मुलायम सिंह यादव की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित कर जरूरतमंदों में बांटे गए कंबल एवं फल

सांसद छोटेलाल खरवार ने कहा गरीब असहाय जरूरतमंद का मदद करना सच्ची श्रद्धांजलि

प्रातःकाल एक्सप्रेस



चकिया, चन्दौली। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं देश के पूर्व रक्षा मंत्री, धरती पुत्र श्रद्धेय स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव जी की जयंती के अवसर पर सांसद छोटेलाल खरवार के नेतृत्व में गणपति लॉन, सोनहुल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने नेताजी मुलायम सिंह यादव के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए तथा उन्हें शत-शत नमन करते हुए उनके संघर्ष, विचारों और समाज के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को याद किया। इस अवसर पर सांसद छोटेलाल खरवार ने गरीब, असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरित किए। इसके साथ ही जिला संयुक्त चिकित्सालय, चकिया में मरीजों एवं सफाई कर्मचारियों के बीच कंबल और फल का वितरण किया गया। जरूरतमंदों की सेवा के माध्यम से नेताजी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में पूर्व विधायक जितेंद्र कुमार एडवोकेट, विधानसभा अध्यक्ष प्रभु नारायण यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य महेंद्र राव, अश्वनी सोनकर, जनप्रिय नेता टोनी खरवार, वरिष्ठ समाजसेवी सुधाकर कुशवाहा, महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव नीलम ओहरी, गीता यादव, त्रिलोकी पासवान, चंदन पाल, तनवीर खान, भावी प्रधान बुलबुल मौर्या, अरुण यादव, राजेश पटेल, सूबेदार मौर्या, सजाउद्दीन, अजय गुप्ता एवं देवा सरकार सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन सदर मुस्ताक साहब ने किया।

पोहरा में किसान गोष्ठी, 160 से अधिक किसानों ने सीखी वैज्ञानिक खेती की तकनीक

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (भाकृअनुप-र्ैंइ), नई दिल्ली के सस्य विज्ञान संभाग द्वारा शनिवार को ग्राम पोहरा में एक दिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की सीएसआर परियोजना के सहयोग से आयोजित इस गोष्ठी में 160 से अधिक किसानों ने भाग लिया। विशेषज्ञों ने किसानों को वैज्ञानिक खेती, मृदा स्वास्थ्य सुधार, किण्वित जैविक खाद (इश्ह) के उपयोग और आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी दी।कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक एवं सस्य विज्ञान संभाग के अध्यक्ष डॉ. संजय सिंह राठौर ने परियोजना के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसानों तक उनन्त कृषि तकनीक और किण्वित जैविक खाद पहुंचाकर फसल उत्पादन बढ़ाना तथा उनकी आमदनी में सुधार करना परियोजना का मुख्य उद्देश्य है।

विशिष्ट अतिथि ने टिकाऊ खेती पर जोर देते हुए कहा कि मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने और कृषि लागत कम करने के लिए वैज्ञानिक विधियों एवं जैविक संसाधनों को अपनाना जरूरी है।

प्रधान वैज्ञानिक डॉ. राजीव कुमार सिंह ने आधुनिक सस्य विज्ञान एवं उनन्त खेती की तकनीकों की जानकारी दी। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुभाष बाबू ने मृदा स्वास्थ्य, संतुलित पोषण और किण्वित जैविक खाद के लाभ बताए। डॉ. दिलीप कुमार कुशवाहा ने कृषि यंत्रीकरण एवं आधुनिक उपकरणों के उपयोग से समय और श्रम बचाने के उपाय समझाए। केवीके झाँसी की अध्यक्षा डॉ. निशि रॉय ने कृषि प्रसार गतिविधियों एवं नवीन तकनीकों की जानकारी दी। मृदा विज्ञान विषय विशेषज्ञ डॉ. अतीक अहमद ने विभागीय योजनाओं, बीज एवं उर्वरक प्रबंधन तथा सरकारी सहायता के बारे में बताया। इस अवसर पर भाकृअनुप-र्ैंइ के डॉ. आशाराम, डॉ. नरेश और एटीएम अनुज श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।कार्यक्रम के सफल संचालन में श्री रामेश्वर पांडेय, विनय कुमार, निर्मल कमल, मोहित कुमार, अशोक कुमार एवं नीलेश कुमार का सहयोग रहा। परियोजना टीम के डॉ. कपिला शेखावत, डॉ. ऋषि राज, डॉ. प्रवीण कुमार उपाध्याय, डॉ. विशाल त्यागी, डॉ. मोना, डॉ. स्मृति एवं डॉ. अर्जुन सिंह ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।अंत में डॉ. दिलीप कुमार कुशवाहा ने आभार व्यक्त किया। आयोजकों ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए भाकृअनुप-र्ैंइ के निदेशक, संयुक्त निदेशक (अनुसंधान) एवं संयुक्त निदेशक (प्रसार) के प्रति आभार जताया। सामूहिक भोजन के साथ गोष्ठी का समापन हुआ।

वीरांगना झलकारी बाई की 196वीं जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया प्रसाद वितरण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। वीरांगना झलकारी बाई की 196वीं जयंती के अवसर पर 22 नवंबर को वीरांगना झलकारी बाई सेवा समिति के तत्वावधान में एसपीआई इंटर कॉलेज के सामने स्थित वीरांगना झलकारी बाई पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वीरांगना झलकारी बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इसके उपरांत उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

कार्यक्रम में पूर्व महापौर किरण राजू बुकसेलर, पार्षद राजकुमारी वर्मा, समिति के अध्यक्ष राजू बुकसेलर, कोषाध्यक्ष टीडी वर्मा, संरक्षक के. वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवि आर्य, मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा (पंच्चू), पार्षद राजकुमार दसारिया, हरिकृष्ण वर्मा, श्यामलाल आर्य, संतोष कुमार आर्य, एलपी वर्मा, किशनलाल वर्मा, मिश्रीलाल, नेतराम वर्मा, दशरथ वर्मा, तुलसीदास चंदेरिया, सुनीता वर्मा, सुनील कुमार, कृष्ण बिहारी, लखन कुशवाहा, पार्षद दयाराम जठारिया, कमलेश सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक एवं आमजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने वीरांगना झलकारी बाई के अदम्य साहस, शौर्य, त्याग और देशभक्ति को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर सोनू यादव अमरौख ने अर्पित की श्रद्धांजलि

नेताजी का संघर्षपूर्ण जीवन और समाजवादी विचारधारा सदैव समाज को प्रेरणा देते रहेंगे : सोनू यादव

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झांसी। समाजवादी पार्टी के संस्थापक, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं देश के पूर्व रक्षा मंत्री श्रद्धेय मुलायम सिंह यादव की जयंती पर समाजवादी पार्टी के युवा नेता सोनू यादव अमरौख ने अपने आवास पर साथियों सहित उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर सोनू यादव अमरौख ने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव ने अपना संपूर्ण जीवन गरीबों, किसानों, मजदूरों, पिछड़ों और वंचितों के अधिकारों के लिए समर्पित किया। उनकी समाजवादी विचारधारा, संघर्षशील व्यक्तित्व और जनसेवा के प्रति समर्पण सदैव याद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नेताजी ने राजनीति में सामाजिक न्याय, समानता और भाईचारे की भावना को मजबूती प्रदान की। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके विचार और सिद्धांत आने वाली पीढ़ियों को भी समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के हितों के लिए कार्य करने की प्रेरणा देते रहेंगे।सोनू यादव ने



कहा कि नेताजी के आदर्शों पर चलकर समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।इस अवसर पर रजत पटेल, शैलेंद्र यादव टोड़ी, नरेंद्र परिहार, बॉबी यादव, अरविंद झां, राहुल परिहार, अभय झां, रिजवान अहमद, आमिर खान, राजा पांचाल, सुधीर विश्वकर्मा, सागर सेन सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संघर्ष सेवा समिति ने बेटी को उपहार भेंट कर ससम्मान किया विदा, डॉ. संदीप सरावगी ने निभाया अभिभावक का फर्ज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। सामाजिक सरोकारों के प्रति समर्पित संघर्ष सेवा समिति के कार्यालय पर एक सराहनीय पहल देखने को मिली। कैंट स्कूल के पीछे बंगला नंबर 46, सदर बाजार निवासी श्रीमती रंजना पतने पूरन की बेटी हेमलता को डॉ. संदीप सरावगी ने आत्मीयता और सम्मान के साथ विदा किया।

इस अवसर पर डॉ. संदीप सरावगी की ओर से बेटी हेमलता को पार्लर से तैयार करवाया गया तथा ब्रीफकेस सहित विभिनन्उपहार भेंट किए गए। उन्होंने बेटी को शुभकामनाएं देते हुए उसके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

समिति की इस पहल ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि सामाजिक जिम्मेदारी केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को सम्मान, अपनापन और खुशियों के पल देना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

संघर्ष सेवा समिति का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद लोगों के जीवन में सहयोग, संवेदना और सम्मान के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाना है।इस अवसर पर सुशांत गुप्ता, राजू सेन, बसंत गुप्ता, प्रीति, अंजली, मुस्कान, संदीप नामदेव, अनुज ठाकुर, दीपक, सोनू आदि उपस्थित रहे।

सीएचसी सतहरिया में अब 1 रुपये की पर्ची पर होगा ऑपरेशन, गरीबों को मिली बड़ी राहत

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुंगराबादशाहपुर।औद्योगिक क्षेत्र सतहरिया में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर अब छोटे ऑपरेशन के लिए मरीजों को जिला अस्पताल या प्राइवेट अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। सीएचसी पर ही हाइड्रोसील, हर्निया, गांठ, फोड़ा-फुंसी की सर्जरी शुरू कर दी गई है। मरीज को सिर्फ 1 रुपये की पर्ची बनवानी होगी।यह सुविधा भाजपा किसान मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष राहुल दुबे के प्रयास और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. गंगा राम के निर्देश पर शुरू हुई है। प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. चन्द्रशेखर पाण्डेय ने बताया कि सीएचसी पर सर्जन डॉ. कमलेश कुमार नियमित रूप से सर्जरी कर रहे हैं, जबकि ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी डॉ. बी.एन. गुप्ता संभाल रहे हैं।

डॉ. पाण्डेय ने बताया कि पहले क्षेत्र के लोगों को छोटे से ऑपरेशन के लिए भी जिला अस्पताल जाना पड़ता था। वहां लंबी लाइन, आने-जाने का खर्च और समय की बर्बादी से मरीज परेशान होते थे। कई गरीब मरीज तो पैसों की कमी के कारण ऑपरेशन ही नहीं करा पाते थे। अब यह सुविधा सीएचसी पर ही मिलने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।उन्होंने बताया कि सीएचसी पर ऑपरेशन के लिए जांच, भर्ती, ऑपरेशन और ऑपरेशन के बाद की देखभाल की पूरी व्यवस्था की गई है। अनुभवी टीम के कारण मरीजों को सुरक्षित और बेहतर इलाज मिल रहा है।

8 साल से घास-मिट्टी से पटा पड़ा सबमाइनर, 400 किसान सिंचाई से वंचित

प्रातःकाल एक्सप्रेस



मुंगराबादशाहपुर। मुंगराबादशाहपुर शारदा सहायक खंड-39 के कबीरपुर माइनर से तरहठी बार्डर तक जाने वाली सबमाइनर नहर करीब 8 वर्षों से पूरी तरह घास व मिट्टी से भरी पटी है। नहर की लंबाई 2 किलोमीटर से अधिक है, लेकिन सफाई न होने के कारण नहर में बनी बेड वाल भी दिखाई नहीं देती। नहर पूरी तरह से सील्ड हो गई है।किसानों का कहना है कि नहर में एक मशीन के बराबर भी पानी नहीं आ पाता। इससे सैकड़ों बीघा खेत सिंचाई से वंचित रह जाते हैं। धान, गेहूं सहित अन्य फसलों की सिंचाई के लिए किसानों को महंगे दाम पर निजी पंपिंग सेट और बोरिंग का सहारा लेना पड़ता है, जिससे खेती की लागत बढ़ गई है।इस समस्या से करीब 400 किसान प्रभावित है। किसानों में अवध नारायण, मोहन लाल बिंद, मुनने लाल यादव, संतोष कुमार, दिलीप कुमार, दया शंकर प्रजापति, योगेन्द्र प्रताप सिंह, गुलाब सिंह, आशा राम व अन्य किसान शामिल हैं। किसानों ने कई बार विभागीय अधिकारियों से नहर की सफाई कराने की मांग की, लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई।

किसानों ने मांग की है कि सबमाइनर की जल्द से जल्द सफाई कराकर पानी छोड़ा जाए, ताकि सैकड़ों बीघा खेतों को सिंचाई का पानी मिल सके और किसानों को राहत मिले।इस संबंध में एसडीओ नहर विभाग दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि समस्या की जानकारी मिली है, जल्द ही नहर की सफाई कराकर समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

पंवारा पुलिस ने वांछित अभियुक्त को दबोचा, भेजा जेल-

प्रातःकाल एक्सप्रेस

मुंगराबादशाहपुर। पंवारा पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त काफी समय से पुलिस से बचता फिर रहा था।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त अंकित यादव पुत्र बड़ेलाल निवासी ग्राम घररिया नयुपार थाना मछलीशहर जनपद जौनपुर है। उसके खिलाफ थाना पवारा में मुकदमा दर्ज था।थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार के मार्गदर्शन में उ0नि0 राजेश कुमार व का0 धनंजय यादव की टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम रामपुर सवाई से उसे गिरफ्तार किया। पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

भोजला में झलकारी बाई की जयंती पर पुष्पांजलि समारोह, विधायक राजीव सिंह पारीछा ने किया नमन

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी ग्राम भोजला में वीरांगना झलकारी बाई की जयंती के अवसर पर वीरांगना झलकारी बाई कोरी समाज विकास समिति द्वारा पुष्पांजलि समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बबीना विधायक श्री राजीव सिंह पारीछा शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक ने वीरांगना झलकारी बाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया।

अपने संबोधन में विधायक राजीव सिंह पारीछा ने कहा कि वीरांगना झलकारी बाई ने रानी लक्ष्मीबाई के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश की आजादी के लिए संघर्ष किया। उनका साहस, बलिदान और देशभक्ति आज भी हम सभी के लिए प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि ऐसे महापुरुषों की जयंती मनाना आने वाली पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ने का काम करता है।

कार्यक्रम में इंजीनियर मोहनलाल सिंगरिया, जगदीश लाल, बृजेन्द्र सिंह यादव, अरविंद वशिष्ठ, कोमल सिंह यादव, दिनेश कुमार यादव,रिषभ कुशवाहा, श्रीमती नीतू सिंह एवं समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।सभी अतिथियों ने झलकारी बाई को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। अंत में समिति द्वारा सभी अतिथियों एवं ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया गया।

बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा ने शोकसभा आयोजित कर दी श्रद्धांजलि

प्रातःकाल एक्सप्रेस

झाँसी। बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय पर रविवार, 22 नवंबर 2026 को शोकसभा का आयोजन किया गया। इसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की माताजी एवं बुन्देलखण्ड निर्माण मोर्चा के निर्भीक योद्धा कुंवर बहादुर आदिम के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

शोकसभा में उपस्थित लोगों ने दोनों दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित कर मौन धारण किया तथा ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान देने और शोकाकुल परिजनों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

इस अवसर पर भानू सहाय, राजेन्द्र शर्मा एडवोकेट, अशोक सक्सेना, रघुराज शर्मा, प्रदीप नाथ झा, हमीदा अंजुम, संतोष श्रृंगीऋषि, उत्कर्ष साहू, राम गुप्ता, प्रभूदयाल कुशवाहा, गिरजा शंकर राय, नरेश वर्मा, बृजेश राय, गोलू ठाकुर, अभिषेक तिवारी, अनिल कश्यप, राजेश लोहिया, विकास पुरी, अरुण रायकवार, विजय रायकवार, शंकर रायकवार, रशीद कुरैशी, दुलीचंद कुशवाहा, शाहजहां बेगम एवं साईदा बेगम सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

चंद्रशेखर आजाद के आवास पहुंचे असदुद्दीन ओवैसी, उनकी मां के साथ बैठकर किया भोजन

26 नवंबर की रैली में जुटने का आह्वान

प्रातःकाल एक्सप्रेस

छुटमलपुर (सहारनपुर)।ष्ठ्यष्ठ्य के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद असदुद्दीन ओवैसी शनिवार को नगीना सांसद और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के आवास छुटमलपुर पहुंचे। दोनों नेताओं की मुलाकात को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गईं। ओवैसी ने चंद्रशेखर आजाद की मां के साथ बैठकर भोजन भी किया। ओवैसी के सहारनपुर पहुंचने की खबर मिलते ही सुबह से ही चंद्रशेखर के आवास पर समर्थकों की भीड़ जुटनी शुरू गई थी। पहले ओवैसी सहारनपुर गेस्ट हाउस पहुंचे, जहां से काफिले के साथ छुटमलपुर के लिए रवाना हुए। छुटमलपुर पहुंचने पर समर्थकों ने जोरदार नारेबाजी कर उनका स्वागत किया। इस दौरान दोनों नेताओं ने मीडिया से बातचीत में प्रदेश की राजनीतिक स्थिति, सामाजिक न्याय, संविधान और विभिनन मुद्दों पर अपनी बात रखी। चंद्रशेखर आजाद ने मस्जिद ध्वस्तीकरण के मामले पर कहा कि प्रशासन के साथ लंबी बहस और वार्ता के बाद उनकी बात स्वीकार की गई तथा ज्ञापन लिया गया। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा होती है तो इस लड़ाई को न्यायालय में भी लड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का संदेश दिया था। वह अपने लोगों पर होने वाले अन्याय को रोकने, संविधान और संवैधानिक संस्थाओं की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहेंगे। वहीं, ओवैसी ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून के बजाय डर का माहौल है। उन्होंने एनकाउंटर, बुलडोजर कार्रवाई, महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए कहा कि प्रदेश को एक मजबूत राजनीतिक विकल्प की आवश्यकता है। उन्होंने दावा किया कि सामाजिक परिवर्तन मोर्चा



प्रदेश में भाजपा को रोकने और इंसाफ कायम करने का मजबूत विकल्प बन सकता है। आजम खान के हैदराबादी बिरयानी वाले बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए ओवैसी ने कहा कि एनकाउंटर का मुद्दा खाने का नहीं, बल्कि लोगों की जिंदगी बचाने का है। दोनों नेताओं ने आगामी 26 नवंबर को प्रस्तावित रैली में क्षेत्रवासियों से भारी संख्या में पहुंचने का आह्वान किया। साथ ही वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव में सामाजिक परिवर्तन मोर्चा को मजबूत करने और चंद्रशेखर आजाद को मुख्यमंत्री बनाने के लिए समर्थन जुटाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी नरेंद्र भड़ाना के नेतृत्व में पुलिस टीम मुस्तैद रही। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपनन हुआ।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के अन्तर्गत 22 नवम्बर को आयोजित हुए विशेष अभियान शिविर

गुरुनानक इंटर कॉलेज में आयोजित शिविर का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया निरीक्षण

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार अन्हता तिथि 01 जनवरी, 2027 के आधार पर जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 कार्यक्रम के अन्तर्गत दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि में जनसामान्य की सुविधा हेतु 22 नवंबर को विभिनन स्थानों पर विशेष अभियान आयोजित किए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान द्वारा गुरु नानक इंटर कॉलेज में आयोजित शिविर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थित बीएलओ से फार्म 6,7 एवं 8 की जानकारी प्राप्त की। जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने निर्देश दिए कि विशेष अभियान दिवसों पर जनपद के समस्त मतदान केन्द्रों पर सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारी एवं पदाभिहित अधिकारी



अनिवार्य रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक हेल्प डेस्क भी स्थापित की गई है, जहाँ नागरिकों को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने अथवा संशोधन हेतु आवश्यक फार्म भरने में सहायता प्रदान की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे इन विशेष अभियान तिथियों में अपने सम्बन्धित मतदान केन्द्र पर उपस्थित होकर आलेख्य प्रकाशित निर्वाचक नामावली में अपने नाम की जांच अवश्य कर लें तथा आवश्यकतानुसार आवेदन प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि 28 एवं 29 नवंबर को भी विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गयी है. फार्म-6- ऐसे युवा/नागरिक जिनकी आयु 01 जनवरी, 2027 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो रही है (अथवा जो अब तक मतदाता नहीं बने है), वे अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु। फार्म-7- मतदाता सूची में किसी नाम के अपमार्जन (हटाने) या आक्षेप दर्ज कराने हेतु। फार्म-8 मतदाता सूची में दर्ज विवरण (नाम, पता, आयु, फोटो आदि) में संशोधन, एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानान्तरण (शिफ्टिंग), डुप्लीकेट ईपिक (ङ्केञ्ज) बनवाने अथवा दिव्यांगजन (ङ्केञ्ज) चिन्हांकन हेतु। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों, बूथ लेवल एजेण्टों (बी0एल0ए0), सभासदों, ग्राम प्रधानों एवं स्वयंसेवकों से भी इस अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं सफल क्रियान्वयन में सहयोग प्रदान करने की अपेक्षा की है।

चांदपुर-बास्टा मार्ग को लेकर दिया ज्ञापन, जल्द सड़क बनवाने की मांग

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर/ चांदपुर। रविवार को तहसील चांदपुर के सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अखिल भारतीय पत्रकार प्रेस क्लब बिजनौर के जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह को एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में चांदपुर-बास्टा अहरोला मार्ग को जल्द बनवाने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा ने मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह से कहा कि एक साल पहले इस मार्ग का ठेका टेंडर हुआ था। ठेकेदार



ने सड़क तोड़कर डाल दी है, लेकिन आज तक इसे बनाया नहीं गया है।

उन्होंने बताया कि इस सड़क पर कई अस्पताल, बच्चों के स्कूल, 5 बैंकट हॉल और कई गांव हैं, जिस पर सभी का आना-जाना है। मोटरसाइकिल, बसें और कई वाहन आते-जाते हैं। इस सड़क से उड़ती धूल से आने-जाने वालों की आंखें धूल से अट जाती हैं। इसलिए आपसे अनुरोध है कि इस सड़क को शीघ्र बनवाने का कष्ट करें। ज्ञापन देने वालों में जिलामहासचिव मोहम्मद अरशद, रईस अहमद, अनस कुरैशी, मोहम्मद नवाब आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

सहारनपुर पुलिस की नशा तस्करों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। थाना बेहट पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला 01 शातिर नशा तस्कर गिरफ्तार, कब्जे से 212 ग्राम अवैध चरस बरामद। पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र द्वारा मादक पदार्थों/नशे के अवैध कारोबार, प्रतिबंधित दवाओं की तस्करी/बिक्री पर प्रभावी रोकथाम के लिए परिक्षेत्र के तीनों जनपदों में 'ऑपरेशन सवेरा' - 'नशे के अंधकार से जीवन के उजाले की ओर' अभियान चलाया जा



रहा है। इसी क्रम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक बेहट इन्द्रेश चौहान के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर थाना बेहट पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान 01 शातिर नशा तस्कर अभियुक्त फारूख उर्फ खट्टा पुत्र कामिल निवासी मौ0 इन्द्रा कालोनी कस्बा व थाना बेहट जिला सहारनपुर को गांगरो नहर पुल के पार ग्राम मरवा जाने वाले कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 212 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई।गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना बेहट पर मु0अ0स0 464/26 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त द्वारा मादक पदार्थों के अवैध कारोबार के संबंध में ङ्कष्ट्ठ-ञ्ज ष्ट्ठ-ङ्कष्ट्ठ लिंकों की जाँच की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा, 30 यूनिट रक्त एकत्र

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। सुल्तानपुर के पैठ मैदान में रविवार को फैमिली ऑफ ब्लड डोनर्स ट्रस्ट की ओर से स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में युवाओं एवं क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग



लेते हुए 30 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों को रक्त उपलब्ध कराने के साथ लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना रहा। शिविर संयोजक नवनीत सैनी ने कहा कि रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने में युवाओं और सामाजिक संगठनों की अहम भूमिका है। ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य तरुण भोला ने रक्तदान को मानवता की सच्ची सेवा बताते हुए कहा कि रक्त की एक यूनिट किसी जरूरतमंद की जान बचाने में सहायक हो सकती है। वहीं संगठन विंग के अध्यक्ष पंकज पांचाल ने कहा कि रक्त की आवश्यकता किसी को भी पड़ सकती है, इसलिए समाज में नियमित स्वैच्छिक रक्तदान की भावना विकसित करना जरूरी है।

आखिरी गेंद पर छक्के से जीती चिलकाना शुभम, माजरी ने पाजबंगर को 32 रन से हराया

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। सुल्तानपुर में आयोजित युवा क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को खेले गए दो मुकाबलों में चिलकाना शुभम और माजरी की टीम ने जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में चिलकाना शुभम ने पठेड़ को तीन विकेट से हराया। पठेड़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में तीन विकेट पर 98 रन बनाए। कप्तान आसिफ लुहारी ने 52 और नौशाद अली ने 23 रन बनाए। जवाब में चिलकाना शुभम की ओर से रवि कुमार ने 28 गेंदों पर आठ छक्कों की मदद से 67 रन बनाए। अंतिम गेंद पर चार रन की जरूरत थी, जिस पर आतिफ हुसैन ने छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई। रवि कुमार मैन ऑफ द मैच रहे। दूसरे मुकाबले में माजरी ने पाजबंगर को 32 रन से हराया। माजरी ने तीन विकेट पर 124 रन बनाए। दीक्षित धीमान ने 21 गेंदों पर सात छक्कों की मदद से 66 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए पाजबंगर की टीम चार विकेट पर 92 रन ही बना सकी। दीक्षित धीमान को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

थाना बडगाँव पुलिस ने शान्ति व्यवस्था भंग करने वाले 6 अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार गश्त व चैकिंग की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी देवबन्द के निकट पर्यवेक्षण में तथा थाना प्रभारी श्री प्रमोद कुमार थाना बडगांव के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आमदा फसाद कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले 06 अभियुक्तगण 1.मनोज कुमार पुत्र हरफूल सिंह निवासी ग्राम भटपुरा थाना बडगांव जिला सहारनपुर 2.रिजवान पुत्र इस्तकार 3.उस्मान पुत्र इस्तकार 4. इस्तकार उर्फ कल्लू पुत्र मुस्तकीम निवासीगण ग्राम नूनाबडी थाना बडगांव जिला सहारनपुर 5.दीपक पुत्र रमेश निवासी ग्राम बडौली माजरा थाना बडगांव जिला सहारनपुर 6.अंकुश पुत्र विक्रम निवासी ग्राम खुदाबक्शपुर माजरा थाना बडगांव जिला सहारनपुर को अन्तर्गत धारा 170/126/135 बीएनएसएस के गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

थाना बिहारीगढ़, सहारनपुर पुलिस ने चैकिंग/दबिश के दौरान 1 वारन्टी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में वांछित/वारन्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा लगातार सघन चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण एवं क्षेत्राधिकारी बेहट के निकट पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष बिहारीगढ़ धर्मेन्द्र कुमार के कुशल नेतृत्व में 01 वारन्टी अभियुक्त साहिल पुत्र हबीबुल रहमान निवासी ग्राम कुरडीखेड़ा थाना बिहारीगढ़ सहारनपुर सम्बन्धित वाद सं0 64/2024 धारा 379/411 भादवि नियत तिथि 04/12/2026 को ग्राम कुरडीखेड़ा थाना बिहारीगढ़ सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारन्टी अभियुक्त के विरुद्ध अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए समय से न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

एस.ए.एम. इन्टर कॉलेज में की गई ब्लैक आउट मॉक एक्सरसाइज

प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। शासन के आदेशों के अनुपालन में एस.ए.एम. इन्टर कॉलेज, सहारनपुर में सायं 06:00 बजे ब्लैक आउट मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर डॉ. अजय कुमार सिंह रहे।मॉक एक्सरसाइज में जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, नागरिक सुरक्षा, अगिन्शमन, पुलिस, चिकित्सा, होमगार्ड्स, एयरफोर्स स्टेशन, एनसीसी, एनएसएस, विद्युत विभाग व भारत स्काउट एण्ड गाईड्स ने प्रतिभाग किया। उप नियन्त्रक नागरिक सुरक्षा नवीन नारंग के



निर्देशन में आयोजन सफलतापूर्वक संपनन हुआ। इस दौरान एयर रेड चेतावनी सायरन, ब्लैक आउट, शेल्टर में शरण, ऑल क्लीयर सायरन, आग बुझाना, प्राथमिक चिकित्सा, ध्वस्त बिल्डिंग से लोगों को निकालना और घायलों को एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास किया गया। मुख्य अतिथि ने नागरिक सुरक्षा की सेवा की प्रशंसा करते हुए सफल आयोजन पर बधाई दी।

महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरूक



प्रातःकाल एक्सप्रेस

सहारनपुर। बहू-बेटी सम्मेलन एवं सास-बहु संवाद के माध्यम से महिला सुरक्षा, अधिकारों तथा पारिवारिक विवादों के समाधान के प्रति किया जागरूक।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सहारनपुर के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान फेज-6.0 के अंतर्गत जनपद सहारनपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में पुलिस की मिशन शक्ति एवं एंटी रोमियो टीमों द्वारा विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान विभिनन ग्रामों, मोहल्लों एवं सार्वजनिक स्थलों पर ग्राम चौपाल आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा तथा महिलाओं से संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। साथ ही बहू-बेटी सम्मेलन एवं सास-बहु संवाद के माध्यम से घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, गृह-कलेश एवं पारिवारिक विवादों की रोकथाम के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस टीमों द्वारा पारिवारिक संबंधों में आपसी संवाद, सम्मान, सहयोग एवं समझदारी का महत्व बताते हुए छोटी-छोटी बातों को विवाद का रूप न देने तथा आपसी बातचीत के माध्यम से समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रेरित किया गया। महिलाओं एवं बालिकाओं को किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, शोषण अथवा अपराध की स्थिति में बिना किसी भय के पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा महिला सुरक्षा एवं सम्मान को बढ़ावा देना है। सहारनपुर पुलिस महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

प्रयागराज में हवाई हमले का सायरन बजते ही हुआ ब्लैकआउट

प्रातः काल एक्सप्रेस

प्रयागराज। शहर में हवाई हमले जैसी आपात स्थिति से निपटने और आम नागरिकों को बचाव के तरीके सिखाने के लिए रविवार को नागरिक सुरक्षा विभाग की ओर से ब्लैकआउट मॉक ड्रिल आयोजित की गई। कचहरी चौराहा स्थित बिशप जॉनसन कॉलेज में शाम 6 बजे सायरन बजते ही पूरे क्षेत्र की बिजली बंद कराई गई। नागरिकों ने भी अपने घरों और आसपास की लाइटें बंद कर ब्लैकआउट में सहयोग किया। मॉक ड्रिल के दौरान लोगों को हवाई हमले से बचने के तरीके बताए गए। प्रशिक्षित स्वयंसेवकों, एनसीसी कैडेट्स और सुरक्षा टीमों ने सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने, घायलों को प्राथमिक उपचार देने और उन्हें अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास किया। अगिन्शमन दल ने पेट्रोल, लकड़ी और भवन में लगी आग बुझाने का प्रदर्शन किया। वहीं, एसडीआरएफ की टीम ने बहुमंजिला भवन में फंसे लोगों को रस्सी की मदद से सुरक्षित बाहर निकाला। पांच मिनट बाद खतरा समाप्त होने का संकेत एकल सायरन बजाकर दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त पीयूष मोडिया और अध्यक्ष जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा रहे। महापौर गणेश केसरवानी और विधायक हर्षवर्धन बाजपेयी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना करते हुए आपदा के समय प्रशिक्षण और विभागों के आपसी समन्वय को जरूरी बताया। अंत में प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



बेटियां आपसी समझ से सुलझाएं छोटे-मोटे विवाद

प्रातः काल एक्सप्रेस

चिलकाना। मिशन शक्ति फेज-6.0 के तहत थाना मिशन शक्ति टीम ने गांव पाजबांगर में बहु-बेटी सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, साइबर फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। सम्मेलन में टीम प्रभारी उपनिरीक्षक सुमन सिंह ने महिलाओं को घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न जैसी घटनाओं की रोकथाम के लिए आपसी समझ, सम्मान और सकारात्मक संवाद का महत्व बताया। उन्होंने बेटियों से छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को विवाद का रूप न देने तथा आपसी बातचीत से समस्याओं का समाधान करने की अपील की। साथ ही महिला सुरक्षा के लिए जारी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए सरकारी योजनाओं के बारे में बताया। इस दौरान टीम ने जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए। सम्मेलन में महिला कांस्टेबल अंजली, काजल, कांस्टेबल जितेंद्र कुमार और निखिल यादव मौजूद रहे।

जनसुनवाई को प्रभावी एवं पारदर्शी बनाने की पहल

प्रातः काल एक्सप्रेस



सहारनपुर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है। इस दौरान आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे है। जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक प्रार्थना पत्र की पर्ची (रसीद) शिकायतकर्ता को उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे शिकायत की प्राप्ति सुनिश्चित हो सके।सहारनपुर पुलिस की प्राथमिकता – आमजन की शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निस्तारण।